

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 139, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम: 40.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :03

लखनऊ, रविवार, 15 जून 2025

ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...14

नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी



महेश कुमार



उत्कर्ष अवधिया

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी



यशस्वी कुमार

बरेली। नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने निकाले 15 निदेशक पद के लिए विज्ञापन

**अमृत विचारः** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, शासन ने 15 निदेशकों के रिक्त पद के लिए विज्ञापन के जरिये आवेदन मांगें हैं। इसमें मध्यांचल निगम के इस्तीफा देने वाले निदेशकों के पद भी शामिल हैं। भीषण गर्मी व निजीकरण प्रक्रिया के बीच अचानक इस्तीफे से सवाल खड़े हो गए हैं।

इस्तीफा देने वालों में मध्यांचल निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चन्द्र अग्रवाल व निदेशक वित्त एमके बंसल शामिल हैं। दोनों निदेशकों ने अपने इस्तीफा निगमों के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल को भेजा है। सूत्रों के अनुसार अभी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। इस पर विचार-विमर्श के बाद कॉरपोरेशन इसे शासन को भेजगा। इस बीच, कॉरपोरेशन की ओर से 15 निदेशकों का विज्ञापन निकाला गया है। इसमें मध्यांचल निगम के दोनों निदेशकों के पद के अलावा पावर कॉरपोरेशन के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कॉरपोरेट प्लानिंग, निदेशक आईटी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, पूर्वांचल निगम के लिए निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, निदेशक वित्त, मध्यांचल निगम के निदेशक वाणिज्य, उत्पादन निगम के लिए निदेशक तकनीकी, निदेशक वित्त, पारेषण निगम के लिए निदेशक ऑपरेशन, निदेशक एसएलडीसी, निदेशक वाणिज्य एवं योजना शामिल हैं। मालूम हो कि कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त व दक्षिणांचल निगम के निदेशक वित्त का चयन पूर्व में किया गया, पर दोनों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। ऐसे में निदेशकों के विज्ञापन को लेकर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। उधर, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**अमृत विचारः** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।

## एक नजर

### 10 वर्ष से एक तहसील में जमे 56 लेखपालों का तबादला

**प्रयागराज।** मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज ने जिले में 10 वर्ष से एक ही तहसील में जमे 56 लेखपालों का अलग-अलग तहसीलों में तबादला कर दिया है। उन्होंने सभी लेखपालों से नवीन तैनाती स्थल वाले तहसील में कार्यभार तुरंत संभालने का आदेश दिया है।

### भीषण गर्मी से बचने के लिए पौधरोपण जरूरी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत विगत आठ वर्षों से अनवरत वृक्षारोपण / पौधरोपण कर धरती को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने आज प्रयागराज में अशोक कुमार गुप्ता रिटायर संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का स्वागत कुबेराक्ष का पौधा देकर किया गया। इस अवसर पर पूर्व संयुक्त सचिव अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी से बचने के लिए अगर हर व्यक्ति वृक्षारोपण को ठान लें तो आने वाले कुछ वर्षों में इसकी भयावता हमें नहीं झेलनी पड़ेंगी, अन्यथा इसकी कीमत हमारी आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। इस अवसर पर विवेक कुमार श्रीवास्तव, नंदलाल गुप्ता ,आशीष कुमार गुप्ता आदि लोगों उपस्थित होकर स्वागत किया।

# अनियंत्रित डंपर ऑटो रिक्शा पर पलटा, तीन लोग मरे

## जेसीबी से बालू हटाने के बाद दबे हुए लोग निकाले गए

संवाददाता, प्रयागराज



दुर्घटनास्थल पर जुटी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद इलाके में दोपहर बालू उतारते समय डंपर अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा पर पलट गया जिससे ऑटो रिक्शा में सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जा रहा है कि हंडिया थाना क्षेत्र के सरायसिविल उर्फ खपटिहा गांव निवासी कुंवर साहब तिवारी उत्तराखंड में प्राइवेट नौकरी करते हैं। शनिवार को वह उत्तराखंड जाने के लिए अपनी 38 वर्षीय पत्नी निवेदिता, पांच साल के बेटे अंश के साथ एक अप्पे में सवार हुए।

अप्पे बदरपुर गांव का चालक दीपक चला रहा था। उसी अप्पे में बढ़ौली पूरेतिवारी गांव के 75 वर्षीय कोटेदार राजमणि गुप्ता व नाविक जयप्रकाश, सियाराम, राजा निषाद भी बैठे थे। तीनों नाविक नाव का इंजन बनवाने के लिए प्रयागराज शहर जा रहे थे। चालक अप्पे लेकर जब सैदाबाद कस्बा के सिरसा रोड पर पहुंचा तो मक्खनलाल जायसवाल के निर्माणाधीन मकान के बाहर एक डंपर बालू उतार रहा था। इसी दौरान डंपर अचानक अनियंत्रित होकर अप्पे पर पलट गया, जिससे अप्पे में सवार सभी लोग दब गए। चीख-पुकार सुनकर वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

बैकहो लोडर (जेसीबी) और गांव वालों की मदद से किसी तरह अप्पे में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने निवेदिता, उसका बेटे अंश और कोटेदार राजमणि को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य की हालत चिंताजनक होने पर उपचार के लिए उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

डीसीपी गंगा नगर कुलदीप सिंह गुणावत ने बताया कि डंपर का हाइड्रोलिक फेल होने के कारण हादसा हुआ है। इसमें मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हुई है। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। तहरीर के आधार पर डंपर चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यूपीसीडा लगाएगा प्रदेश में 12 नए सौर संयंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्योग, ऊर्जा और पर्यावरण तीनों मोर्चों पर मजबूत हो रही सरकार की नीति



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की पहल की है। इसके लिए 12 नए स्थलों की पहचान की है, जहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा की लागत घटाना, पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना है।

12 स्थानों में सूरजपुर साइट-5, ईपीआईपी (गौतमबुद्ध नगर), टीडीएस सिटी (गाजियाबाद), एसईजेड (मुरादाबाद), बागपत, आगरा, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, शाहजहांपुर जैसे रणनीतिक औद्योगिक केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र न केवल उत्पादन में अग्रणी हों, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भी बनें। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यूपीसीडा ने 'सौर औद्योगिक क्षेत्र' की अवधारणा को अपनाया है। कानपुर स्थित यूपीसीडा मुख्यालय में पहले ही 150 किलोवाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है, जो 82.98 लाख की लागत से लगाया गया। यह संयंत्र वित्तीय रूप से लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संचालन लागत को भी कम करती है। यूपीसीडा अपने परिसरों के साथ-साथ उद्योगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा लागत में कटौती, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

### सौर पथ और हरित पट्टियां बनाएंगी उद्योग क्षेत्र को सुंदर

यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्रों को न केवल ऊर्जा के लिहाज से सशक्त बना रहा है, बल्कि "सौर पथ" और हरित पट्टियों की योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा और सौंदर्य का भी समन्वय कर रहा है। इन पथों पर ऑफ-ग्रिड सौर लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे रात में भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था बनी रहेगी। हरित पट्टियां न केवल प्रदूषण नियंत्रण में सहायक होंगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों की दृश्यता और निवेश के प्रति आकर्षण को भी बढ़ाएंगी।

## बिजली संकट से स्थिति भयावह : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट-खसोट है।

सपा प्रमुख शनिवार को फर्रूखाबाद में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से स्थिति भयावह है। गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने नौ साल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया। बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा है। किसान संकट में है। फसलों की खरीद में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

## तीन केंद्रों पर द्वितीय पाली की परीक्षाएं निरस्त

**प्रयागराज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उड़ाका दल ने देवरिया एवं संत कबीरनगर में परीक्षा केंद्रों पर भारी अव्यवस्था देखी। शासनादेश और परीक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी। विवि के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केंद्र सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटनी देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय भटनी देवरिया और विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय सिक्टहां संत कबीरनगर की शनिवार को होने वाली द्वितीय पाली की परीक्षा निरस्त कर दी गई। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

## चार महाविद्यालय के छात्रों को ही मिलेगी स्कॉलरशिप

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** इंटर के बाद उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को अब छात्रवृत्ति तभी मिलेगी जब उनका शिक्षण संस्थान नैक एक्रिएटेड होगा। क्योंकि समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति योजना में संस्थानों के नैक ग्रेड को अनिवार्य कर दिया है। नए शिक्षण सत्र से केवल उन्हीं शिक्षण संस्थानों के छात्र- छात्राओं को समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति दी जाएगी जो नैक ग्रेड प्रक्रिया में शामिल हैं। अभी सभी सरकारी, अनुदानित और मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के छात्र- छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। नई व्यवस्था के तहत प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,प्रयागराज के सैकड़ों कॉलेजों के छात्रों की छात्रवृत्ति रुक सकती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से एक पत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और शिक्षण संस्थान के प्राचार्यों को भेजा जा रहा है। इस पत्र में नैक ग्रेडिंग की सूचना मांगी गई है। समाज कल्याण विभाग के इस आदेश के बाद कॉलेजों में खलबली मची है। क्योंकि अधिकांश कॉलेज नैक एक्रिडिएट नहीं है। इससे हजारों छात्रों की छात्रवृत्ति प्रभावित होना तय है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य ने कहा कि शासन से मिले आदेश की जानकारी सभी विश्व विद्यालय और महाविद्यालयों को दी गई है।

### पीबी, स्वामी करपात्री कॉलेज सहित 4 कॉलेजों का है नैक मूल्यांकन

चार महाविद्यालयों का नाम नैक मूल्यांकन की श्रेणी में है। इसके अलावा कोई महाविद्यालय शामिल नहीं हैं। चार कॉलेजों में अनुदानित महाविद्यालय पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी,स्वामी करपात्री जी महाराज स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरे गोसाईं रानीगंज व दो निजी महाविद्यालय एसवीएम पीजी कॉलेज लालगंज व साकेत गर्ल्स कॉलेज शामिल है।



"ऐसा प्रतीत होता है कि छात्र हित को देखते हुए आवश्यक रूप से सभी महाविद्यालय नैक प्रक्रिया में शामिल हों। जिससे छात्रवृत्ति के अलावा अन्य लाभ भी संस्थानों को मिल सकेंगे।"
-प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव, सदस्य -एस्क्यूएसी व प्राचार्य - पीबीपीजी कॉलेज सिटी

## विश्व रक्तदान दिवस पर मेडिकल कॉलेज में लगा शिविर

**प्रयागराज, अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई) की प्रयागराज सिटी ब्रांच की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई, जिसमें सभी ने मौन रखकर संवेदना प्रकट की। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य प्रो. डॉ. वत्सला मिश्रा, उप-प्राचार्य डॉ. मोहित जैन,एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ.प्रोबाल नियोगी एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरबी कमल ने किया ।

इस अवसर पर डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अभिनव अग्रवाल, डॉ. विशाल केवलानी, डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह और डॉ. आलोक सिंह थे । रक्तदान करने वाले चिकित्सकों एवं छात्रों में प्रो. (डॉ.) सुधा यादव, जय कुमारी जायसवाल, डॉ. सुयश शर्मा, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. हर्षित शर्मा, डॉ. हर्षित गौतम, डॉ. चंद्रर्क द्विवेदी, डॉ. शिवांगी रावत, डॉ. आरजू मलिक, डॉ. पृतिका, डॉ. अनन्या मित्तल, डॉ. आदित्य राज, डॉ. वर्षा शुक्ला, डॉ. अदिति एवं अन्य कई चिकित्सक, छात्र शामिल थे।

रक्तदान शिविर 'रक्त संकल्प – एक वादा खुद से', राष्ट्रीय रक्त संचरण परिषद और भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर की सफलता में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रवी रानी, सौरभ पूरी,परामर्शदाता विनोद तिवारी एवं अनिल तिवारी, लैब टेक्नीशियन जी.के. सिंह, स्टाफ नर्स पूनम यादव एवं अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा। संयोजक डॉ. संजय सिंह थे।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082


# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 139, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 15 जून 2025

**आज का मौसम**

40.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 07 :03


ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...14




आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

# देश को मिले 419 जांबाज अफसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचार:** भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

## एक नजर

### सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

**मंगलुरु।** एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

### प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

# विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

## मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।



अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

# तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।



इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

### इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

**दुबई।** इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

# 60,244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

- अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आज सबसे बड़ी व सफल पुलिस भर्ती को पहुंचाएंगे अंजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

# एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

# दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

# बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

## ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।



# अमेरिकी सांसदों को घर में घुसकर मारी गोली, दो की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

# धोखाधड़ी के आरोप में सुपरटेक, प्रवर्तक आरके अरोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला
- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान, 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी। एफआईआर के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे बहाने के तहत ऋण सुविधाएं हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। सीबीआई ने कहा कि ऋण खाते को बाद में जानबूझकर चूक करने वाला घोषित कर दिया गया और धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कथित तौर पर 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।




# आसमान से बरसी आग, 44 डिग्री पहुंचा पारा

## रात में कई बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती से लोगों की नींद हराम, ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बदतर

**गर्मी का कहर**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



चिलचिलाती धूप से बचने के लिए सिर व चेहरा ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार



भीषण गर्मी में प्यास बुझाता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और उमस ने जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने मौसम की मार को और तीखा बना दिया। वहीं, पुरवा हवाओं और उमस ने हालात और खराब कर दिए हैं। इस भयंकर गर्मी के बीच सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय बिजली खामियों के चलते हो रही बिजली कटौती से हो रही है।

आलम यह है कि दिन का समय तो लोग किसी तरह काट ले रहे लेकिन रात के समय की बार-बार होने वाली बिजली कटौती जनता के आक्रोश का कारण बन रही है। पंखा, कूलर और अन्य उपाय भी इस उमस और तापमान के सामने फेल हो गए हैं। सुबह-शाम की ठंडी हवा की उम्मीदें भी लगातार धूमिल होती जा रही।

गुरुवार और शुक्रवार की तरह शनिवार दोपहर भी शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग ज़रूरी कामों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या लगातार घटती जा रही है। हालात यह है कि बिजली विभाग भी अपने वादों और व्यवस्थाओं पर खरा नहीं उतर पा रहा है। गर्मी और लोड बढ़ने से ट्रांसफॉर्मरों की जर्जर हालत और पुराने उपकरणों के चलते आपूर्ति व्यवस्था बार-बार बाधित हो रही है।

रात में एक से अधिक बार होने वाली बिजली कटौती से लोग नींद पूरी नहीं कर पा रहे और नींद की कमी के चलते स्वास्थ्य पर भी असर पड़ने लगा है। बिजली आपूर्ति के सबसे बदतर हालात ग्रामीण क्षेत्र में हैं, जहां बिजली का कुछ घंटे ठहरना भी बड़ी बात कही जा रही। उधर मौसम विभाग ने फिलहाल बारिश की संभावना से इनकार किया है, जिससे आमजन की उम्मीदों को एक और झटका लगा है।

## एक नजर

### योग सप्ताह का आज से होगा शुभारंभ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को सुबह 6 बजे नगर के कमला नेहरू पार्क में किया जाएगा। यह आयोजन जिला आयुष विभाग के तत्वावधान में होगा। जिला आयुष समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने 15 से 20 जून तक चलने वाले योग सप्ताह तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनाने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रविवार को योग सप्ताह का शुभारंभ कमला नेहरू पार्क में किया जाएगा।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में सरकारी जमीन पर होने जा रहे कार्य में हस्तक्षेप की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दुल्लापुर निवासी उमेश कुमार ने पुलिस से की शिकायत में कहा है कि उसकी मां वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। 8 जून की सुबह सरकारी ह्यूम पाइप उतारी जा रही थी। यह भूमि शासकीय अभिलेख में दर्ज है, जिस पर पूर्व में भी अवैध कब्जा हटाया गया था। इस कार्य में ग्रामवासी सतीश कुमार, रामकिशोर, अमित कुमार, पियारा देवी और शौरभ ने जबरन हस्तक्षेप किया गया। आरोप है कि इन लोगों ने उमेश का घर घेरकर मारपीट की कोशिश की। 1090 पर कॉल करने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया।

### छत से गिरकर युवक घायल, रेफर

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के तहवापुर गांव में शुक्रवार रात करीब दो बजे छत से गिरकर एक युवक घायल हो गया। गांव निवासी मोहित (21) छत पर सोया था। वह देर रात बिस्तर से उठा और छत से नीचे गिर गया। परिवारीजनो ने उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे उसे बेहतर उपचार के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### विकसित भारत संकल्प सभा का होगा आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों के सेवा और सुशासन को समर्पित 'विकसित भारत संकल्प सभा' रविवार को हैदरगढ़ सभागार में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या मुख्य अतिथि रहेंगे। विधायक दिनेश रावत, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल और रामदेव सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सभा में केंद्र 7 राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की चर्चा की जाएगी।

# नीट यूजी में 5 मेधावियों को मिली सफलता

**दिखायी मेधा**

- साईं इंटर कॉलेज के होनहारों ने रोशन किया नाम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



हिमांशु द्विवेदी।



सिदरा अहमद।



सुयश वर्मा।



हर्षिता वर्मा।



अभिमन्यु वर्मा।

**अमृत विचार :** जनपद के श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के पांच मेधावी छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सफलता पाकर नाम रोशन किया है। शनिवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित परिणामों में कॉलेज के छात्रों ने शानदार रैंक हासिल की है, जिससे उनका चयन राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए तय माना जा रहा है।

नीट परीक्षा परिणामों में रेलवे कॉलोनी निवासी बद्री विशाल द्विवेदी के पुत्र हिमांशु द्विवेदी ने ऑल इंडिया 2411 रैंक हासिल कर जिले में सर्वोच्च स्थान पाया। उन्होंने नियमितता, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन को सफलता का सूत्र बताया। नाका पैसार के रहने वाले अहमद तनवीर की बेटी सिदरा अहमद ने 2948 रैंक प्राप्त की। उन्होंने बताया कि स्कूल की पढ़ाई, लगातार रिवीजन और शिक्षकों से डाउट क्लियर करना उनकी तैयारी की कुंजी रही। बंकी में गंगा विहार कॉलोनी के रहने वाले जय शंकर के पुत्र सुयश वर्मा को नीट परीक्षा परिणाम में 5568वीं रैंक मिली है। नतीजों से गदगद सुयश वर्मा ने कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और निरंतर अभ्यास को अहम बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने लक्ष्य से कभी भटकना नहीं चाहिये। ईमानदारी से की गई मेहनत से सफलता जरूर मिलती है।

थाना जहांगीराबाद अंतर्गत इनायतपुर पोस्ट खिजिरपुर के रहने वाले अरविन्द कुमार की पुत्री हर्षिता वर्मा ने 8543 रैंक के साथ नीट में सफलता पाई। उन्होंने बायोलॉजी व फिजिक्स की गहराई से तैयारी और नियमित टेस्ट को अपनी कामयाबी का राज बताया। बड़ेल के ग्राम फतेहाबाद निवासी रामहेत वर्मा के बेटे अभिमन्यु वर्मा ने ऑल इंडिया 11189 रैंक अर्जित कर अपने माता पिता व शिक्षकों का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि अनुशासित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उनकी राह आसान की। वहीं विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा व नवनीत तिवारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक डॉ. सुनील कुमार सचान, डॉ. सुभाशीष भट्टाचार्य, डॉ. आनंद मोहन श्रीवास्तव, अमित मौर्या, आर.के. सिंह, श्रवण कुमार सिंह सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## पांच दिन पूर्व नदी में डूबे युवक का मिला कंकाल

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पांच दिन पहले पैर फिसलने से सरयू नदी में डूबे युवक का शव बरामद हो गया। शनिवार दोपहर को बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुरवा मजरे मुड़िया डीह निवासी 22 वर्षीय बलराम का कंकाल नदी से मिला। बलराम गत 9 जून को गांव के कुछ लोगों के साथ मनीराम पुरवा घाट पर भैंस नहलाने गया, जहां वह नदी में डूब गया था। स्थानीय गोताखोरों ने करीब चार घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन बलराम का कुछ पता नहीं चल सका। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार रेस्क्यू में लगे रहे। इसके बाद एसडीआरएफ टीम को भी लगाया गया। शनिवार को युवक का शव घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पानी में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## फंदे से लटका मिला बागवान का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी



सूरजलाल फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** ग्राम धरौली में उस समय हड़कंप मच गया जब एक दिव्यांग आम बागवान का शव सागौन के पेड़ से गमछे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता पाया गया। शरीर पर चोटों के निशान मिले वहीं हाथ से खून भी निकल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका है कि हत्या के बाद शव यहां लटका दिया गया।

शव की पहचान सूरजलाल (45) पुत्र रामनरेश रावत निवासी ग्राम धरौली के रूप में हुई। सूरजलाल ने रंजीत रावत पुत्र रामसिंह, मुकेश रावत पुत्र अयोध्या व मुन्ना पुत्र इशहाक के साझे में भूलीगंज निवासी हरिनाम वर्मा की आम की बाग़ की फ़सल खरीदी थी। शुक्रवार की देर रात सूरजलाल रावत घर से खाना खाने के बाद बाग की रखवाली करने वाले रामसरन पुत्र तोता राम के लिए खाना लेकर गया। शनिवार की सुबह उसका शव अपनी बाग़ से 3 सौ मीटर की दूरी पर स्थित बड़ागांव निवासी अवधेश मौर्य की सागौन के बाग़ मे फंदे से लटकता मिला। धरौली के प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव ने मसौली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा। बहरहाल संदिग्ध परिस्थितियों मे मिले शव को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। सूरजलाल एक हाथ से दिव्यांग था, ऐसे में सागौन के पेड़ से फांसी लगाना कम मुश्किल नहीं। वहीं शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान व हाथ से खून निकल रहा था। बागवान की हत्या कर शव लटकाने की आशंका है। वहीं प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## जंगल में मिला दो दिन से लापता महिला का शव



शांति फाइल फोटो।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो दिन पहले दवा लेने की बात कहकर मायके से निकली महिला का शव जंगल में मिला। चरवाहों ने ग्रामीणों को खबर की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के लापता होने की सूचना परिजनों ने पुलिस को नहीं दी थी। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

ठठेरहा के जंगल में शनिवार सुबह चरवाहोंने एक महिला का शव पड़ा देखा। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी पहुंची। कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की थी कि बैसनपुरवा के अभिषेक कुमार ने अपनी रिश्तेदार होने की आशंका जताते हुए शव की फ़ोटो उसकी ससुराल थाना असंद्रा के ढेवडहरा मजरे कंधवापुर निवासी ससुर भल्लर प्रसाद को भेजा। मौके पर पहुंचे ससुर ने शव की पहचान अपनी बहू शांति के रूप में की। ससुर ने बताया कि उनकी बहू का कोई भाई नहीं था इसलिये वह ज्यादातर मायके में ही रहती थी।

## गोल्ड लोन के नाम पर धोखा बैंक मैनेजर समेत 4 पर केस

संवाददाता, सिरौली गौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बदोसरांय थाना क्षेत्र के मरकामऊ गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में गोल्ड लोन के नाम पर धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर बैंक मैनेजर समेत चार लोगों पर गहने हड़पने, जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पीड़ित नसरुद्दीन का कहना है कि करीब दो वर्ष पहले वह बृजेश कुमार के साथ गोल्ड लोन लेने बैंक गया था। बैंक परिसर के बाहर बरौलिया गांव निवासी गोविंद मिला, जिसने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने फॉर्म भरवाकर नसरुद्दीन से सोने का एक हार और चार कंगन लेकर एक लाख रुपये नकद दिए। लगभग 11 महीने बाद जब नसरुद्दीन लोन की जानकारी लेने बैंक गया तो शाखा प्रबंधक वैभव यादव ने बताया कि लोन की रकम 1.45 लाख रुपये है। अतिरिक्त 45 हजार रुपये के बारे में पूछने पर बृजेश तिवारी ने भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन लगातार टालता रहा। छह महीने बाद लोन की राशि बढ़कर 1.62 लाख रुपये हो गई। नसरुद्दीन ने चेक से पूरी राशि बैंक में जमा कर दी, लेकिन उसके बावजूद उसके गहने नहीं लौटाए गए। बीती 15 मई की शाम को जब वह गहनों की मांग करने बैंक पहुंचा, तो आरोप है कि आरोपियों ने उससे अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिनके निर्देश पर मरकामऊ शाखा के बैंक मैनेजर वैभव यादव, बृजेश तिवारी, गोविंद वर्मा सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि जांच हो रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जीवन को दिशा देता है योग, दिनचर्या में करें शामिल



कार्यक्रम में शामिल पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. केएनएस मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 'योगोत्सव-2025' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रिद्म फाउंडेशन द्वारा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह रहे। उन्होंने योग को जीवन को दिशा देने वाला साधन बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वह योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग की विशेषज्ञ टीम ने योगासन,प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया तथा उनके वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों में समन्वयक अमरजीत यादव, डॉ. राम किशोर, डॉ. राम नरेश, कुलदीप यादव, प्रीति, मोनिका यादव और अर्चना वर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिनमें छात्रों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। रिद्म फाउंडेशन के निदेशक अश्वनी के. रंजन ने कहा कि योग केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 100 दिनों की काउंटडाउन श्रृंखला के आठवें दिन आयोजित हुआ। इस मौके पर संस्थान के डीन डॉ. एन.के. महेन्द्र, प्रिंसिपल प्रो. दीपा अनबू, रजिस्ट्रार रंजीत कुमार सिंह, निदेशक डॉ. डीएस नेगी, निदेशक मेडिकल डॉ. डीआर सिंह, संजीव तथा रिद्म फाउंडेशन के मैनेजर मुकेश शर्मा ने भी सहभागिता निभाई।

### लखनऊ में स्थायी बाजार की उठाई मांग



जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से भेंट करते ग्रोफार्म के निदेशक राहुल वर्मा।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्रोफार्म के निदेशक राहुल वर्मा ने शनिवार सुबह जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को ग्रोफार्म द्वारा निर्मित शुद्ध मल्टी-मिल्लेट्स आटा, मसूर दाल एवं काला नमक चावल भेंट किए। मुलाकात के दौरान राहुल वर्मा ने ग्रोफार्म द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे प्रसंस्करण कार्यों और नवाचारों की जानकारी दी, जिसकी मंत्री ने प्रशंसा की। राहुल वर्मा ने मंत्री से आग्रह किया कि जो किसान अपने उत्पादों का प्रसंस्करण स्वयं करते हैं, उनके लिए लखनऊ में एक स्थायी बाजार की व्यवस्था की जाए, जिससे वे सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को जब तक विपणन और प्रसंस्करण की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक वे अपने उत्पाद का समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इस निवेदन को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और किसानों की आय बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

### विवादों में घिरी चकबन्दी प्रक्रिया, किसानों में आक्रोश

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील फतेहपुर के परगना कुर्सी क्षेत्र के बहरौली गांव की चकबन्दी प्रक्रिया विवादों में घिर चुकी है। ग्रामीणों ने चकबन्दी अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय किसानों की उपजाऊ और सड़क से लगी जमीन हटाकर लखनऊ के लोगों की जमीनें डामर रोड से जोड़ दी गईं। गांव निवासी हरीलाल पाल का आरोप है कि उनकी भूमि चक से बाहर कर दी गई, जबकि प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुनेश्वर व सहदेव प्रसाद ने बताया कि अपने पेड़ लगे मूल चक से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया गया। कांति देवी, राकेश मौर्य व ऋतुराज की सड़क किनारे स्थित जमीन को बदल कर ऐसी जगह दे दी गई जहां कोई रास्ता नहीं है। बनवारी लाल व लाल बहादुर का आरोप है कि उनकी जमीन से मानक से अधिक कटौती कर बाहरी लोगों को दे दी गई। सहायक चकबन्दी अधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रक्रिया 70 फीसदी पूरी हो चुकी है, पर्चा 23 बन चुका है और आकार पत्र 41 व 45 बाकी हैं। बार संघ अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने मांग की कि सप्ताह में दो दिन चकबन्दी अधिकारी तहसील मुख्यालय पर बैठें ताकि किसानों को कानूनी सहायता मिल सके। वहीं तहसीलदार वैशाली अहलावत ने बताया कि शिकायतों की जांच कर रिपोर्ट एडीएम को भेज दी गई है।

### मामूली विवाद में फावड़ा व लाठी से हमला, दो घायल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आपसी रंजिश को लेकर एक युवक पर फावड़े और डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमले में बीच-बचाव करने आई उसकी भाभी को भी पीटा गया पीड़ित की तहरीर पर देवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटौलीखुर्द निवासी सुशील यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की सुबह छह बजे गांव के रास्ते से गुजर रहा था, तभी गांव के ही राजकरन उसकी पत्नी और बेटा हिमांशु ने उसे रोककर गालियां देनी शुरू कर दीं और झूठे आरोप लगाने लगे। उसने विरोध किया तो वह लोग भड़क उठे। राजकरन की पत्नी ने हाथ में फावड़ा ले लिया और बेटा हिमांशु डंडा लेकर दौड़ पड़ा। तीनों ने मिलकर सुशील पर हमला कर दिया, जिससे उसे सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं शोरगुल सुनकर सुशील की भाभी अनिता यादव बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया और लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब जाकर उसकी जान बच पाई। पीड़ित ने यह भी बताया कि हमलावर अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि उन्हे जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित ने देवा कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। देवा कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यक्रम**

विकसित भारत संकल्प सभा में राज्यमंत्री ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां, योजनाओं का किया बखान

# पिछले 11 वर्षों में देश ने की अभूतपूर्व प्रगति : सतीश शर्मा

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी





नियामतगंज में सभा को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार



टिकरा बाजार में सभा के दौरान लोगों से मिलते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के नियामतगंज बाजार में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारत को गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद जैसी बाधाओं से निकालकर आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं की सफलता के बारे में बताया और कहा कि इन योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाया है। राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास का मॉडल राज्य बनकर उभरा है। कार्यक्रम के अंत में मौजूद जनसमूह ने 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक मौर्य, राकेश शुक्ला, तेजनारायण जायसवाल, राम सुरेश गुप्ता, अमित मौर्य, रमाशंकर लोधी, राम अक्षयबर लोधी, श्याम नाथ साहू, बिपिन दुबेदी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**मौदी का कार्यकाल प्रगति का आधार : रामसनेहीघाट।** मण्डल देवीगंज के टिकरा बाजार में शनिवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल देश की प्रगति का आधार बना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह रिंकू, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, हरिश्चंद्र रावत, प्रदीप सिंह, राजेश मिश्रा, माधवराज सिंह, पंकज तिवारी, अवधेश सिंह, विनोद कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# साहब! दबंग ने कर लिया है चकमार्ग पर कब्जा

## सभी थानों में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें, कई का मौके पर निस्तारण

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार :** जिले के सभी थाना परिसरों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सभी थानों में अधिकारियों ने पीड़ितों की शिकायतों को सुना।

लहरपुर कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। गोपालपुर गांव निवासी अंबिका प्रसाद ने नायाब तहसीलदार से बताया कि गांव बालापुरवा तक जाने वाला संपर्क मार्ग निजी नलकूप की पाइपलाइन डालने से अवरुद्ध हो गया है।

गांव के ही दबंग विनोद कुमार द्वारा तालाब डुबका मार्ग पर निजी नलकूप की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो 20-20 फुट की दूरी पर जगह-जगह लीक हो रही है। इससे पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है और ट्रैक्टर व ठेलिया निकलना मुश्किल हो गया है। किसानों को फसल की बुआई में दिक्कतें आ रही हैं। इसपर नायब ने लेखपाल को बुलाकर मौके पर भेजकर जांच के आदेश दिए।


लहरपुर में समाधान दिवस के दौरान उपस्थित अधिकारी और फरियादी। अमृत विचार

**39 शिकायतें, दो का हुआ समाधान : थानगांव।** थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 100 ग्रामीण पहुंचे।

कुल 39 शिकायतें आईं, जिनमें से दो पुलिस विभाग से जुड़ी थीं, जिनका निस्तारण मौके पर आपसी सहमति से कर दिया गया। शेष 37 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जिन्हें पैमाइश, मेड़बंदी व रास्ते विवाद के तहत संबंधित लेखपाल व आरआई को सौंपा गया।

समाधान दिवस प्रभारी अतुल शुक्ला ने अनुपस्थित कर्मचारियों की सूचना एसडीएम बिसवां को भेजने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस और राजस्व टीम मौजूद रही।

## दबंगों ने परिवार पर किया हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में दबंगों ने दुकान बंद कर घर जा रहे युवक व उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। क्षेत्र के ग्राम पल्हरी निवासी राम सुमिरन पुत्र रामसरन ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 11 जून की रात करीब 8:30 बजे उसका भतीजा जय सिंह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था, तभी गांव के दीपू ने उसे रोककर मारपीट की और मोटरसाइकिल सड़क पर गिरा दी। कुछ समय बाद दीपू अपने परिवारजनों विपिन, राजकरण, अर्जुन, शिवराज, राजेश व अन्य के साथ लाठी, डंडे, सरिए व लोहे की रॉड लेकर रामसुमिरन के घर पर आ धमका। रामसुमिरन ने जब विरोध किया तो उस पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया।

## सार-संक्षेप

### गर्मी से बचने के लिए ट्यूबवेल बना सहारा


ट्यूबवेल के पानी में गर्मी से राहत लेते बच्चे। अमृत विचार

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। हालत यह है कि सुबह 9 बजे से शाम शाम 6 तक गर्म हवाओं और तेज धूप से लोग बिलबिला रहे हैं। कई जगह तो गर्मी से लोग बेहोश हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी से बचने के लिए वृक्षों की छांव का सहारा ले रहे हैं। गर्मी से घर की दीवारें और छतें इतनी गर्म हो रही हैं कि देर रात्रि तक ठंडी नहीं होती हैं। लू लगने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। ऐसे में बच्चे और बड़े गर्मी से बचने के लिए पानी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खेतों में फसलों को पानी देने वाले पंपिंग सेट, ट्यूबवेल और तालाब में भरे पानी और सरकारी हैंड पंप पर सुबह होते ही लोगों की मौज मस्ती शुरू हो जाती है। ग्राम पंचायत खुरवल लगे सरकारी ट्यूबवेल से निकल रहे पानी में शुक्रवार को छोटे छोटे बच्चों संग नौजवान भी अटखेलिया करते नजर आए, ऐसे में सभी ने खूब मस्ती की।

### वाटर कूलर से नहीं निकल रहा ठंडा पानी

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन ब्लाक कार्यालय में एक वर्ष पूर्व विधायक निधि से लगवाया गया वाटर कूलर इस तपती भीषण गर्मी में लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहा है। ब्लॉक परिसर में लाखों की लागत से लगवाया गया वाटर कूलर लगने के कुछ समय में खराब हो गया था। जो अब तक सही नहीं हो पाया है। ऐसे में ब्लॉक कार्यालय को आने वाले आमजन को स्वच्छ ठंडा पेय जल नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा


कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विकास खंड मसौली के सभागार में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने की, जबकि संचालन महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक प्रवीण मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने वाला सिद्ध हुआ है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी, जैदपुर अमरीश रावत, मंडल प्रभारी अजीत प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत, सदस्य जिला पंचायत रामसिंह वर्मा, राजकुमार सोनी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद वर्मा समेत अनेक गणमान्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश चौहान, आशीष द्विवेदी, अमित वर्मा, राम किशोर रावत, सुशील पटेल, अजय पटेल, तालिब मोनिस सहित शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्षगण और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### हजरीगंज और एकता क्लब सेमीफाइनल में पहुंचे

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के पेचरूवा गांव में चल रही पीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए दो क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हजरीगंज और एकता क्रिकेट क्लब ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहला मुकाबला हजरीगंज और अवसानेश्वर की टीमों के बीच हुआ। हजरीगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए, जवाब में अवसानेश्वर की टीम 77 रन पर सिमट गई। दूसरा क्वार्टर फाइनल एकता क्रिकेट क्लब और तिवारी इलेवन के बीच खेला गया। एकता क्लब ने 10 ओवर में 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिवारी इलेवन 99 रन ही बना सकी। इस तरह एकता क्लब ने मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान ग्राम्यांचल सेवा समिति के आसुतोष अवस्थी टिंकू, उनकी पत्नी श्रुति अवस्थी, विश्रुत अवस्थी, चौधरी हुमायूं हुसैन, अजय सोनी, पूर्व सभासद अय्यूब कुरैशी व सूरज दीक्षित मौजूद रहे।

# फर्जीवाड़े पर रोजगार सेवक होंगे जिम्मेदार

संवाददाता, सांडा, सीतापुर

**अमृत विचार :** मनरेगा कार्यों पर श्रमिकों की उपस्थिति को लेकर फर्जीवाड़े को रोकने के लिए अब ऐसी ग्राम पंचायतें जहां सबसे अधिक श्रमिक मनरेगा कार्यों पर नियोजित किए जा रहे हैं। वहां के रोजगार सेवक कार्यस्थल पर श्रमिकों की जीपीएस लोकेशन वाली फोटो ग्राफ्स ब्लॉक कार्यालय को प्रतिदिन उपलब्ध कराने के निर्देश अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रवि सिंह ने दिए हैं।


मनरेगा के तहत कार्य करते श्रमिक। अमृत विचार

वर्तमान समय में सकरन क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहरी में 156, उमराखुर्द 148, मंडोर 146, क्योटाना हरदोपट्टी 144, सरैंया कला 141, बोहरा 125, बरछता 124, मंदनापुर 121, उमराकला में 116, कम्हरिया कटेसर 109, सुमरावा 108, नसीरपुर 104, अंगरासी 97 हैं। इन ग्राम पंचायतों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के निर्देश के बावजूद मनरेगा कार्यो पर अधिक श्रमिकों को नियोजित किए जाने पर संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सेवकों से श्रमिकों के जीपीएस लोकेशन वाले फोटोग्राफ्स प्रतिदिन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। बीडीओ श्रीष गुप्ता ने बताया कि मनरेगा कार्यों पर पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

# ढाबा संचालक के पुत्र व भाई पर हमला

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**मिर्च पाउडर झोंककर दोनों ने बचाई अपनी जान**

**अमृत विचार:** कस्बे के सिधौली रोड पर स्थित राठौर ढाबे पर निजी अस्पताल संचालक पर अपने 10-15 साथियों के साथ मिलकर हमला बोल देने का आरोप है। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हुई पिटाई की वारदात ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

ढाबा संचालक के पुत्र और भाई ने मिर्च पाउडर झोंककर किसी तरह अपनी जान बचाई। पुलिस ने घायलों को फौरन सीएचसी पहुंचाया और जांच पड़ताल शुरू की।

बताते हैं कि इस घटना से पहले शुक्रवार को भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच-बचाव से मामला टल गया था। शनिवार को स्थिति फिर बिगड़ गई।

शाम करीब 7 बजे कस्बे की सिधौली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के आगे अनिल ढाबे में हमलावरों ने घुसकर ढाबा संचालक अनिल के पुत्र और भाई पर धावा बोल दिया। आरोप है कि अस्पताल संचालक डॉ. इरफान खान, शाहरूख, मोहम्मद फरमान और अन्य साथियों के साथ ढाबे पर पहुंचे और वहां मौजूद ढाबा संचालक अंकित राठौर से मारपीट शुरू कर दी। आरोप यह भी है कि हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और कुछ के पास अवैध हथियार भी थे। अचानक हुए इस हमले से ढाबे में अफरा-तफरी मच गई। खुद को बचाने के लिए अंकित ने मिर्च पाउडर झोंककर हमलावरों को पीछे हटाया, जिसके बाद हमलावर भाग खड़े हुए।

घायल अंकित को पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। उधर, डॉ. इरफान ने भी पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ढाबे पर बैठे युवकों द्वारा उनकी महिला स्टाफ से अभद्रता की जा रही थी, जिसके विरोध पर यह टकराव हुआ। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर लेकर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिया है। क्रॉस केस दर्ज किया जा रहा है।

# जरूरतमंदों की जान बचाता है रक्तदान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार और जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में शनिवार को जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में विश्व रक्तदाता दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जरूरतमंदों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और विभिन्न समाजसेवियों ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी.पी. सिंह, चिकित्सक राजेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।


समाजसेवी दिलीप श्रीवास्तव को सम्मानित करते एडीजे व डीएम।

### समाजसेवी दिलीप श्रीवास्तव सम्मानित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में समाजसेवी दिलीप कुमार श्रीवास्तव को 22 बार स्वैच्छिक रक्तदान करने और रक्तदान शिविरों में सक्रिय सहयोग के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके नि:स्वार्थ सेवा भाव से अनेक लोगों का जीवन बचता है और समाज में जागरूकता फैलती है।

# सड़क हादसों में एक की मौत, तीन घायल

**सूरतगंज/सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुए दो हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पहला हादसा बेलहरा-महमूदाबाद मार्ग पर कैथा पॉवर हाउस के पास हुआ। मोहम्मदपुर खाना क्षेत्र के कैथा गांव निवासी मुरली रावत के घर तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे फतेहपुर थाना क्षेत्र के कंदरौला गांव निवासी हंस कुमार (45) पुत्र श्रीदत्त की बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। पुलिस ने घायल को सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरा हादसा शनिवार सुबह सुबेहा थाना क्षेत्र में हुआ। पूरे ललक मजरे कमेला गांव निवासी तुषार अपनी बहन चारु व चचेरे भाई नमन के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। इसी दौरान दूध लादकर जा रही पिकअप के आगे चल रही कार ने ब्रेक मार दी, पीछे चल रही पिकअप भी रुक गई। बाइक पिकअप में जा भिड़ी। टक्कर में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए।

# बिजलीकर्मियों ने की कनेक्शनों की जांच

संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद के कस्बा रसौली में शनिवार को बिजली विभाग की टीम ने घरेलू कनेक्शनों का निरीक्षण किया। जूनियर इंजीनियर और उपखंड अधिकारी ने घर-घर जाकर मीटरों की जांच की। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि विभाग निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की, जिससे ब्याज से बचा जा सके और सेवा में और सुधार हो।

जेई ने बताया कि अब अनावश्यक कटौती नहीं की जा रही है। केवल तकनीकी खराबी के मामलों में ही बिजली बाधित होती है। निरीक्षण के साथ ही रसौली पंचायत भवन में एक विशेष कैंप का आयोजन भी किया गया, जिसमें बिल संशोधन से संबंधित कार्य किए गए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं का समाधान देने का प्रयास किया और सभी से जल्द बिल जमा करने की अपील की।

# घरेलू व व्यावसायिक बिजली लाइन हुई अलग

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सूरतगंज उपकेंद्र से संचालित पांच फीडरों के लगभग 250 गांवों में बिजली आपूर्ति बेहतर बनाने और चोरी तथा ओवरलोडिंग की समस्या से निपटने के लिए घरेलू व व्यावसायिक बिजली लाइनों को अलग कर दिया गया है। शनिवार को नया फीडर चालू किया गया, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को अलग से बिजली सप्लाई दी जाएगी। विद्युत विभाग के अवर अभियंता शैलेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पीटीडब्ल्यू के तहत नया फीडर मोहम्मदपुर खाला तक ट्रायल पर है, ताकि जल्द ही बाकी गांवों को भी निर्बाध बिजली पहुंचाई जा सके।

### भीषण आग से होटल जलकर राख

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग स्थित एक होटल में शनिवार शाम गैस सिलेंडर में आग लग गई, सिलेंडर के पास जल रही लकड़ी की भट्टी की वजह से लपटों ने भयावक रूप ले लिया। चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर थाना कोठी में चल रहे समाधान दिवस में शामिल पुलिसकर्मी, फरियादी व स्थानीय लोग मौके पर आ गए लेकिन आग बुझाने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पाया। आग की लपटों ने पूरे होटल पर कब्जा कर लिया। इस दौरान होटल में रखी हुई खाद्य सामग्री, हजारों रुपए की नकदी आदि जलकर नष्ट हो गई। किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

### विभिन्न मामलों में वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने वांछित मुन्ने उर्फ सिराजुल हसन को गिरफ्तार किया। सफदरगंज पुलिस ने रवि नट को दबोचा। मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने जावेद पुत्र अब्बास निवासी ग्राम दशवन्तपुर थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक:-3426/2ए/2025-26 दिनॉक:-10/06/2025

**ई-निविदा सूचना (प्रथम आमत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सड़क कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए, बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | इलाहाबाद फैजाबाद कि0मी0-96 से परसन का पुरवा (मलिकपुर) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 9.33 | 0.93 | 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➤ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनॉक 16.06.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनॉक 05.07.2025 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 05.07.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनॉक 05.07.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साप्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(अरुण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

UP – 234919 **दिनांक:** 12/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



## निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक–1255/निविदा–25 दिनांक 10.06.2025 के द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, निविदा दिनांक 17.06.2025 से 24.06.2025 को 12.00 बजे तक आन लाईन अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 24.06.2025 को 12.30 बजे आन लाईन खोली जायेगी। संबंधित निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफ्टवेयर से आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No | DISTRICT | Name of Work | Vidhansabha | Estimated cost (Rs.in Lac) | Bid Security (Rs. in Lacs) | Time oc Completion | Cost of Document (in Rs.) | Address of Executive Engineer of the Executing the work | Address of Superintending Engineer | Address of Chief Engineer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Ayodhya | जनपद अयोध्या स्थित ब्लाक सोहावल के अन्तर्गत अ0जि0मा0 मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | बीकापुर | 11.00 | 1.10 | 01 Years | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkarnagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 2 | Ayodhya | जनपद अयोध्या स्थित ब्लाक सोहावल के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | बीकापुर | 11.00 | 1.10 | 01 Years | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkarnagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 3 | Ayodhya | जनपद अयोध्या स्थित ब्लाक मसौधा के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | बीकापुर | 11.00 | 1.10 | 01 Years | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkarnagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 4 | Ayodhya | जनपद अयोध्या स्थित ब्लाक बीकापुर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | बीकापुर | 11.00 | 1.10 | 01 Years | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkarnagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

1– बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगायी गयी है।
2– निविदा आनलाईन दिनांक 17.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.06.2025 को 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
3– शासनादेश संख्या–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
4– निविदा सम्बन्धी अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

(सत्यपाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
अयोध्या

UP – 234927 **दिनांक:** 12/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

## खरीद –फरोख्त

तीन मंजिला मकान बिकाऊ है। **कीमत 65 लाख,** पता–विशाल खण्ड 1/568 कार्नर पार्क फेसिंग (विशाल खण्ड–1) गोमतीनगर, लखनऊ में, मो0– 9532737373

## सूचना

सूचित हो कि मै **जमीला खातून पत्नी अशरफ अली निवासी– 12/10, बस्ती राम कटरा मोहल्ला काकोरी लखनऊ,** मेरे पुत्र अशलम, पुत्रवधु सुमैला, पौत्र अफवान, हमजा, हिरजा को मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। अशलम तथा पुत्रवधु सुमैला के गलत चाल चलन व घर में कलह पैदा करके यह लोग मेरी सम्पत्ति को तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण मैं उन्हें बेदखल कर रही हूँ। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्यों का उक्त लोगों का कोई लेना देना व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा किये गये कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## सूचना

सूचित हो कि मैं **विशाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी–ग्राम अजीटन खेडा पो0 व थाना काकोरी लखनऊ** का हूँ। मैनें सन् 2015– 2016 में विघालय एम0 एल0 पाल0 वी0– एच0एस0एस0 जी0 तालाब मोहान रोड लखनऊ से हाई स्कूल की परीक्षा उर्त्तीण की थी। जो मैं अपने गांव अजीटन खेड़ा से आलमबाग की ओर जा रहा था तभी रास्ते में जिसका जिसका रोल नं0–1378531 है। हाई स्कूल का अंकपत्र (मार्कशीट) व अन्य दस्तावेज वास्तव में खो गये है।

## सूचना

सूचित हो कि मैं **विजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री बी0 डी0 श्रीवास्तव मकान संख्या 3/428, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** का निवासी है। मेरे प्लाट संख्या 1/26, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की ओरिजनल रजिस्ट्री जिसका नं0 (IN-UP00923833610567N) दिनांक 28.02.2015 वास्तव में खो गयी है। अगर किसी व्यक्ति को यह मिलती है तो कृपया **मो0–979470002** पर सम्पर्क करें।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SWALIYA QURAISHI W/O RAJ BABU था। जो कि आज दिनांक 25/05/2025 को मैने अपना नाम बदलकर SHWALIYA W/O RAJ BABU रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। निवासी मोहला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उ0 प्र0।

## सूचना

मेरा एक पुत्र खलीक अहमद जो 15 साल पहले दिल्ली चला गया था आज तक उसका कोई पता नहीं है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसको व उसके परिवार को बेदखल करता हूं। यदि उससे कोई लेनदेन करता है। तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रफीक उल्ला सिद्दीकी मुहल्ला – नजरबाग कुलपहाड़ जिला महोबा**

## सूचना

सूचित हो कि मैं पूजा देवी पत्नी विश्राम सिंह निवासी ग्राम दारापुर पो0 बरहुआ मल्लावां तह0 बिलग्राम जिला हरदोई। मेरा खाता/बीमा जिसकी सं0–55769 में मेरा नाम अलका देवी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पूजा देवी दर्ज है। यहकि पूजा देवी एवं अलका देवी एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि मेरे ही है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वेदांत गुप्ता उर्फ अमन पुत्र अविनाश चन्द्र गुप्ता, निवासी के0के0सी0 कॉलोनी, थाना–हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ के रहन–सहन, स्वभाव एवं चाल–चलन से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे–बुरे कार्य या किसी भी लेन–देन या किसी भी प्रकार की लिखा–पढ़ी आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की न होगी। **अविनाश चन्द्र गुप्ता आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र राम सजीवन, निवासी–के0के0सी0 कॉलोनी, थाना हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ**

## एक नजर

### तारों की चिंगारी दे रही बाधा

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली कस्बे के नरोत्तम नगर में तारों की चिंगारी से शार्ट सर्किट हो गया। जिससे एरियल बंच केबल में आग लग गई। तेज आवाज के साथ निकले धुएं से लोगों में देर तक अफरातफरी देखने को मिली। आनन-फानन में विद्युत उप खंड कार्यालय को सूचित कराया गया। तब कहीं जाकर सप्लाई बंद कराई जा सकी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कस्बा वासी निजामुद्दीन, सैफ, अनिल, कुशाग्र का दावा है कि एबीसी केबल की गुणवत्ता बेहद खराब है। मामूली लोड को भी तार वहन नहीं कर पा रहा। चिंगारी से केबल को नुकसान हो रहा है। इससे व्यवस्थाएं भी बाधित हो रही हैं। वहीं, जेई ने समस्या के निस्तारण की बात कही है।

### झांसे में लेकर ऑटो ले गए शातिर, केस दर्ज

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** झांसा देकर ऑटो गायब कराने का मामला सामने आया है। वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने रपट दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। वाहन स्वामी आमोद कुमार के मुताबिक, उसने अपने साले व कोतवाली बिसवां इलाके के ग्राम कंकरकुई निवासी किशोरी पुत्र सुरेश को 5-6 माह पहले ऑटो चलाने के लिए दिया था। 17 मई को उसको जहांगीराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति मिला। जो आटो पर बैठ गया और ठंडा की पेटी एजेंसी बड़ा हनुमान मंदिर के पास लेकर गया। बिसवां कस्बा पहुंचकर उसने किशोरी को खिलाने का झांसा देकर बड़ा चौराहा लाया। ऑटो वहीं एजेंसी के पास खड़ा कर दिया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने अपने साथियों को बुलाकर ऑटो गायब करवा दिया। कोतवाली बिसवां पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक टीपी सिंह का कहना है कि मामले में जांच कराई जा रही है।

### विदाई से पहले दुल्हन फरार, शिकायत

**तंबौर, अमृत विचार :** इलाके के एक गांव में विदाई वाले दिन दुल्हन अपने मायके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि नवविवाहिता अपने साथ गहने और नकदी भी ले गई है। तंबौर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पक्ष के मुताबिक, एक माह पूर्व नवविवाहिता का विवाह हुआ था। बिदाई के दिन दामाद अपनी पत्नी को लेने घर आया, बिदाई की तैयारियां चल ही रही थीं, कि इसी दौरान नव विवाहिता जेवर, गहने और जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। कुछ देर तक तो परिजन समझे कि नवविवाहिता तैयार हो रही है। बाद में अंदर जाकर देखा तो सबकुछ नदारद था। घटना की शिकायत पीड़ित पक्ष ने पुलिस से करते हुए गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### सेवानिवृत्त कैशियर का विदाई समारोह आयोजित

संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां में कैशियर पद पर तैनात रमेश चंद शुक्ला सेवानिवृत हो गए। उनके सेवानिवृत होने पर उपभोक्ताओं ने उनका विदाई समारोह किया। इस अवसर पर अरुण सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त होना एक आम प्रक्रिया है, जो सबके साथ होती है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो भुलाएं नहीं जाते। इस अवसर पर हिमांशु कश्यप, आरएन सिंह, सुंदरलाल वर्मा, आयुष सिंह, अमर मेहरोत्रा मौजूद है।

### शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बिसवां, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन को गोंडा में आयोजित हो रहा है। ऐसे में विभाग की ओर से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का एक दल बिसवां से रवाना हुआ। यात्रा आरंभ होने से पहले पथर शिवाला मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान देवेश, पूर्णिमा, अमन अवस्थी, रुपेश सहित अन्य सम्मिलित रहे।

# आजीवन कारावास की सजा काट चुके वृद्ध की पिटाई से मौत

## दूसरे पक्ष ने 75 वर्षीय वृद्ध पर भी हमले का लगाया आरोप, केस दर्ज

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** भाभी की हत्या में बीस साल की सजा काट चुके 75 वर्षीय वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भाभी के पति और पुत्र सहित चार लोगों पर केस दर्ज हुआ है। वहीं विपक्षियों ने भी आरोप लगाया है कि वृद्ध ने धारदार हथियार से एक युवक पर हमला किया था, ऐसे में पुलिस ने दोनों ओर से केस दर्ज किया है। वारदात लहरपुर कोतवाली क्षेद्ध के पसुरा बेलवा गांव की है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का पसुरा बेलवा गांव वासी 75 वर्षीय नीलकंठ अपनी भाभी की हत्या के मामले में हाल दिनों में आजीवन कारावास की सजा काटकर आया था। बीस साल की सजा काट कर आने वाला नीलकंठ पहले लखीमपुर खीरी के खमरिया थानाक्षेत्र स्थित रेहरिया कला गांव में पुत्री सावित्री के घर गया। इसके बाद वहां से पसुरा बेलवा गांव पहुंचा। पुत्री सावित्री देवी के मुताबिक, पिता नीलकंठ अपनी भाभी की हत्या में नामजद थे और फिर सजा काटकर घर लौटे थे। ऐसे में भाभी के परिवार के रामसिंह, मुकेश आदि ने उन्हें योजना बनाकर बुलाया, फिर लाठी-डण्डों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया, बाद में खेत में डाल दिया, कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। वहीं नीलकंठ के भतीजे राम सिंह का आरोप है कि नीलकंठ ने घर आकर जमीन देने की मांग करते हुए कहा कि मुझे जमीन चाहिए, घर बनवाना है। ऐसे में 18 वर्षीय पुत्र मुकेश के इंकार करने पर नीलकंठ ने मुकेश पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। उधर, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह का कहना है कि नीलकंठ की बेटी सावित्री की शिकायत पर राम सिंह समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। वहीं, राम सिंह की शिकायत पर नीलकंठ के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है।



वारदात के बाद खेत के करीब मौजूद ग्रामीणों की भीड़ और इलाका पुलिस

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला लापता युवक का शव

कमलापुर, सीतापुर। थाना क्षेत्र के पचासा गांव के पास शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक शुक्रवार शाम से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया। कमलापुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी 20 वर्षीय मोनू शुक्रवार शाम को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक, रातभर ढूंढने के बावजूद उसका पता नहीं चला। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने ट्रैक किनारे शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। तीन दिन पहले ही मोनू बाहर से लौटा था। पूरा परिवार मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने से मौत का लग रहा है, जांच की जा रही है।

# 14 घंटे बाद नदी में मिले दो बच्चों के शव

संवाददाता, तंबौर



शारदा नदी में शवों को निकालती एनडीआरएफ टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 14 घंटे बाद शारदा नदी से शेष दो बच्चों के शव भी बाहर निकाल लिये गए। ऐसे में तंबौर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा है। नदी के तट पर बड़ी संख्या में दूसरे दिन भी लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

बता दें कि लखीमपुर खीरी के नीमगांव थानाक्षेत्र स्थित कटौली निवासी अविनाश, राहुल, देवांश और उत्कर्ष शारदा नदी में नहा रहे थे। गहरे पानी में समाने से अविनाश और उत्कर्ष की शुक्रवार को मौत हो गई, उनके शव सायंकाल गोताखोरों की मदद से निकाल लिए गए थे। इसके बाद बचे हुए दो बच्चों की तलाश में एनडीआरएफ टीम जुटी रही। उनके साथ स्थानीय गोताखोर भी मौजूद थे। करीब 14 घंटे की मशक्कत के बाद राहुल और देवांश के शवों को भी गहरे पानी से निकाला गया। एनडीआरएफ की टीम की मदद से निकाले गए शवों का परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा हुआ, बाद में तंबौर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

**फॉलोअप**

- शुक्रवार को खीरी के 4 बच्चे शारदा नदी में थे डूबे
- दो के शवों को पहले ही निकाला जा चुका है, एनडीआरएफ टीम ने दो को शनिवार को निकाला

**पुलिस ने की तटों की निगरानी :** बड़ी संख्या में ग्रामीण शारदा नदी के तटों पर पहुंचकर नहाने लगते हैं। इसे के बाद कई बार हादसों का शिकार भी हो चुके हैं। तंबौर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तटों पर निगरानी की जा रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। क्योंकि गहरे पानी का अंदाजा बाहर से नहीं लगता, ऐसे में पूर्व में हादसे हो चुके हैं।

### शौच गए युवक की नदी में डूबकर मौत

तंबौर। इलाके के बरछता गांव में शौच गए युवक की शारदा नदी में डूबकर मौत हो गई। मशक्कत के बाद शव को गहरे पानी से निकाला जा सका। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की है। तंबौर थानाक्षेत्र का बरछता निवासी 19 वर्षीय राहुल शारदा नदी के किनारे शौच के लिए गया था। बताते हैं कि इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में समा गया। तेज बहाव में राहुल डूबने लगा। नदी के छोर पर मौजूद ग्रामीणों ने युवक को बचाने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो सके। गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत के बाद राहुल का शव नदी से बाहर निकाला जा सका। तंबौर थानाध्यक्ष राकेश सिंह और लेखपाल मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

# बीमारी से परेशान वृद्ध ने पेड़ से लटककर दी जान

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** लंबी बीमारी व दर्द से परेशान व्यक्ति ने पेड़ से लटक कर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर गांव की है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसंतीपुर निवासी राम प्रसाद (65) पुत्र श्यामलाल का शव ग्राम महमूदपुर में गांव के उत्तर सड़क के किनारे शीशम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता मिला।

मृतक के पुत्र रमाशंकर निवासी महमूदपुर ने बताया कि पिता राम प्रसाद बसंतीपुर में रह रहे थे। वो काफी समय से बीमार थे। उनका करीब 6 माह पूर्व पेट का ऑपरेशन भी हुआ था। जिसके कारण पेट मे काफी दर्द होने के कारण काफी परेशान रहते थे। शनिवार सुबह अचानक होने वाली दर्द से काफी परेशान होकर पिता रामप्रसाद ने ग्राम महमूदपुर में गांव के उत्तर सड़क के किनारे शीशम के पेड़ मे रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पुत्र और परिवार के इन्हीं बयानों के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने फिलहाल परिवार की ओर से कोई आरोप नहीं है। पुत्र रमाशंकर की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



राम प्रसाद की फाइल फोटो।

### बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र मिश्रित के ग्राम लोधौरा में बाग की रखवाली के रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआएना किया और मिश्रिख पुलिस को निर्देश दिए। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिघिया लोधौरा गांव का नंदलाल (65) पुत्र चुन्ना बाग की रखवाली करता था। बताते हैं कि देर तक बुजुर्ग का घर लौटना नहीं हो पाया तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। खेत में पहुंचे तो नंदलाल का शव मिला। खबर कुछ ही देर में जंगल की आग के समान फैल गई। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह मिश्रिख पुलिस के साथ पहुंचे। परिवार के लोगों से पूछताछ के बाद मिश्रिख कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह को निर्देश दिये। कोतवाली प्रभारी मिश्रिख का कहना कि खेत की रखवाली करने वाले बुजुर्ग का शव बाग के उत्तर में झाड़ियों में मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां और भी स्पष्ट हो जाएंगी।

### शहर के एक हेल्थ सेंटर पर महिला ने तोड़ा दम, लापरवाही का आरोप

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर के एक हेल्थ सेंटर में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार के लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की है। सेमरहन गांव वासी परिजनों के मुताबिक, 45 वर्षीय राधा देवी के पेट में तेज दर्द था। ऐसे में परिवार के लोग अस्पताल आए, दावा है कि गेट के बाहर से ही कई लोग उसे भ्रम में डालकर हेल्थ सेंटर ले गए। इलाज के नाम पर 23 हजार रुपये लिये, फिर पेट का आपरेशन किया। इसी के बाद महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने कोतवाली नगर में लापरवाही का हवाला देते हुए प्रार्थना पत्र दिया। कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### लहरपुर में बच्ची में मिला डिप्थीरिया रोग, 85 परिवारों की हुई जांच



जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे की मलिन बस्ती में सर्वे कराया तो जांच के बाद आई रिपोर्ट में एक बच्ची के डिप्थीरिया रोग से ग्रस्त होने की बात सामने आई है। मचे हड़कंप के बीच टीम ने देर शाम तक रिकार्डों को खंगालती रही। नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला मलिन बस्ती में अंकिता (ढाई वर्ष) पुत्री परवन को डिप्थीरिया से ग्रसित होने की जानकारी मिली। इसी बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फाननन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलिन बस्ती का सर्वे कराया गया तो पता चला की पीड़ित बच्ची मोहल्ले में नहीं है। ब्लॉक मॉनिटर विजय अवस्थी ने बताया कि आगामी सोमवार व मंगलवार को मलिन बस्ती में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। सर्वे के दौरान आशा हिना बानो, चंद्रा पांडेय, रेनू, दीपा, निगार, शबनम, आफरीन, शबनम बानो की टीम ने 85 परिवारों का सर्वे किया।

### 29 मरीजों की जांच, 12 के लिए गए सैंपल



भुड़िया गांव में आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम।

सीतापुर, अमृत विचार : पिसावां के कचूरा ग्राम पंचायत स्थित भुडिया गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने 29 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें से 24 लोगों में बुखार के लक्षण मिले। 12 मरीजों के नमूने भी लिये गए। डॉ. अविनाश कुमार ने बताया कि टीम में उनके अतिरिक्त डॉ. अरुण शुक्ला भी थे। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दवाएं भी वितरित की गईं। बताया कि सेहत को लेकर ग्रामीणों को सजगता बरतने की सलाह भी दी गई है।

### गलती स्वीकार कर प्रभु से मांगे क्षमा: मिथलेश

संवाददाता मानपुर, अमृत विचार। शतचंडी महायज्ञ ग्राम मिर्जापुर में कथा व्यास मिथलेश महाराज द्वारा परीक्षित लीला का मंचन किया। कथा व्यास ने कहा कि मानव को जीवन में बड़ी से बड़ी गलती हो जाने पर अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए। उसका निराकरण करने के लिए नित्य भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए। राजा प्रक्षित ने एक गलती की थी कि एक ऋषि मुनि के ऊपर मृतक सर्प गले में डाल दिया था। जिससे ऋषि के बेटे ने राजा प्रक्षित को श्राप दे दिया था कि सात दिन के अंदर इसी सर्प द्वारा राजा को डंक मारेगा, उनकी मौत निश्चित हो गई थी। लेकिन राजा परक्षित ने अपनी गलती मान ली। यज्ञ आचार्य यश पाल यादव, हरिओम, मनोज, यज मान सोहन लाल यादव, देशराज यादव, सुरेंद्र यादव, अमर सिंह यादव, राजकुमार भार्गव, लालू भार्गव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



कथा व्यास मिथलेश महाराज।

### भक्तिमय गीतों के साथ लगे श्यामबाबा के जयकारे

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम सेवक दल बिसवां द्वारा गोड़ैचा चौराहा के पास स्थित हेलेपारा गांव में दिलीप पोरवाल द्वारा श्याम बाबा का चित्र स्थापित कर पूजन-अर्चन कराया गया। राहुल सिंधी, हिमांशु पोरवाल व अनुष्का मिश्रा ने बाबा के भक्तिमय गीतों से भक्तों को मनमुग्ध कर दिया। आए हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर श्याम पोरवाल, नितेश वैश्य, राहुल सिंधी, कृष्णा गुप्ता, मनीष पोरवाल, विनीत, विशाल, प्रशांत, शिवम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



श्याम बाबा।

### भगवान अधर्म को मिटाने के लिए लेते हैं अवतार: पं. रामशरण

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, संत सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत कथा में मानस व्यास पं. रामशरण मिश्र ने रावण वध की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब पृथ्वी पर पापकर्म व अधर्म बढ़ता है, तब भगवान पृथ्वी से अधर्म को मिटाने के लिए अवतार लेते हैं। मानस व्यास ने कहा कि रावण के अत्याचार से साधु, संत पृथ्वी कराह रही थी, तब प्रभु श्रीराम ने अवतार लेकर रावण का वध कर रामराज्य की स्थापना की। श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए भागवताचार्य पंडित अखिलेश महराज ने कंस वध की कथा का वर्णन किया। इस मौके पर कलाकारों ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर यजमान उमेश दीक्षित, ऋषिराज दीक्षित, शिवसागर मिश्रा, अंकित दीक्षित, दिनेश शुक्ला, रमाशंकर, रिंकू शुक्ला सहित भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।



झांकियां प्रस्तुत करते कलाकार।

# सेल्समैन ने खुद ही रची थी लूट की कहानी, पूछताछ में हुआ खुलासा

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** शराब के सेल्समैन को गोली मारने वाले बदमाश नहीं थे। दरअसल, जांच में जो सामने आया है, उससे पता चला है कि सेल्समैन की कमर में तमंचा लगा था। ऐसे में जब बाइक अनियंत्रित होकर गिरी तो गोली चल गई। फिलहाल घायल सेल्समैन का इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पिसावां थानाक्षेत्र के भकुरहा पुल के नजदीक शराब की दुकान के सेल्समैन पंकज यादव गोली लगने से घायल हो गया था। घायल सेल्समैन का दावा था कि बदमाशों ने लूटपाट की नियत से उसे गोली मार दी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते क्षेत्राधिकारी महोली विशाल गुप्ता ने बताया जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि पिसावां थानाक्षेत्र का ग्राम तेंदुआ निवासी शराब का सेल्समैन पंकज यादव शराब के नशे में घर जा रहा था। बाइक से उसके साथ गांव का ही गंगाराम था। नशे की हालत में बाइक से गिरने पर कमर में लगा तमंचा अचानक चल गया, ऐसे में गोली उसके पेट में लग गई। फिलहाल उपचार के दौरान घायल की हालत में सुधार है। सेल्समैन का दावा पूरी तरह से झूठा रहा। फिलहाल अवैध तमंचा रखने के आरोप में घायल युवक पर कार्रवाई की जाएगी।



विशाल गुप्ता, सीओ महोली

### शारदा नदी में डूबी वृद्धा, तलाश जारी

सीतापुर, अमृत विचार : तंबौर इलाके में शारदा नदी में डूबने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। इलाके के बसंतापुर में एक बुजुर्ग महिला शारदा नदी के गहरे पानी में समा गई। समाचार लिखे जाने तक तलाश में गोताखोर जुटे रहे। तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतापुर की फूलमती (65) पत्नी शारदा नदी के पास गईं थीं। परिजनों की मानें तो बुजुर्ग महिला का पैर अचानक फिसल गया जिससे वो तेज बहाव में बह गईं। खेतों में रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने महिला को नदी में गिरते देखा। उन्होंने चीख पुकार शुरू कर दी। ऐसे में ग्रामीण दौड़ पड़े, पीछे से पुलिस भी आ पहुंची। महिला की तलाश में देर शाम तक खोजबीन की जाती रही।

# जैतनपुर में सफाई व्यवस्था चौपट, गंदगी से ग्रामीण बेहाल, संक्रमण का खतरा

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** जैतनपुर ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का अंबार है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मी महीनों से गांव में दिखाई नहीं दिए। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ चला है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अब खुद कूड़ा हटाने को मजबूर हो रहे हैं। गांव के एक जागरूक नागरिक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छ भारत मिशन यहां मजाक बनकर रह गया है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद गांव में बुनियादी सफाई तक नहीं हो पा रही है। ग्रामीण संदीप, राजेश, रमेश, पुरेंद्र और अशोक का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत के माध्यम से जिम्मेदार पंचायत सचिव और सफाईकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। कसमंडा के सहायक विकास अधिकारी ब्रह्म नारायण शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तत्काल टीम भेजकर सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा।

- सफाईकर्मी के क्षेत्र में न आने की हुई शिकायत



जैतनपुर गांव में नालियों मे बहता गंदा पानी। अमृत विचार

# आस्था का प्रतीक है बीहट-बीरम गांव

डॉ. रजनीश मिश्रा, मछरेहटा, सीतापुर

**अमृत विचार:** बीहट-बीरम गांव अपने भीतर इतिहास, विरासत और श्रद्धा की अनोखी दास्तान समेटे हुए है। यहां गांव के बीचोबीच स्थित है बीरम बाबा की चौपाल, जो न सिर्फ ठाकुरों के कुलदेवता का स्थान है, बल्कि वीरता और बलिदान की गौरवगाथा भी अपने में संजोए हुए है। मछरेहटा ब्लॉक क्षेत्र के बीहट-बीरम गांव में बीरम बाबा की यह चौपाल उस दौर की याद दिलाती है, जब अंग्रेजों के अत्याचारों से त्रस्त होकर अनेक परिवारों को अपने पैतृक स्थानों को छोड़ना पड़ा। ऐसी ही एक ऐतिहासिक कथा जुड़ी है राजस्थान की झुंझनू रियासत से, जहां से ठाकुर बीरम सिंह अपने बड़े कुनबे के साथ पलायन कर नैमिषारण्य पहुंचे। यहां ऐतिहासिक स्थलों का निर्माण कराया। जो वर्तमान में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जा सकते हैं।

**दहेज में मिला गांव, बना कर्मभूमि :** गांव निवासी घनश्याम सिंह के अनुसार, उस समय सरायन नदी के किनारे बसे अहवन राजपूतों ने अपनी पुत्री का विवाह बीरम सिंह से कर दिया और बीहट गांव सहित पूरा इलाका दहेज में दे दिया, जिसकी मालगुजारी करीब 30 हजार रुपये थी। बीरम सिंह अपने परिवार सहित यहीं बस गए, लेकिन एक हमले के दौरान बीरम सिंह अपने साथियों सहित युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। गांव के मध्य जो चबूतरा है, वही उनके दाह संस्कार का स्थल माना जाता है।

**कुलदेवता के रूप में पूजे जाते हैं बीरम बाबा :** बीरम सिंह के पांच पुत्र हुए, जिनके वंशज आज भी बीहट और आसपास के गांवों में बसे हुए हैं। बीरम सिंह को ठाकुर समाज के कुलदेवता के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। मान्यता है कि कोई भी शुभ कार्य उनके आवाहन के बिना पूरा नहीं होता। यही कारण है कि उनकी चौपाल आज भी क्षत्रिय समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

**पर्यटन व सांस्कृतिक मानचित्र पर उभरा बीहट-बीरम**

खैराबाद-कल्ली-नैमिषारण्य मार्ग पर स्थित यह मंदिरनुमा गांव अब ग्रामीण पर्यटन की दृष्टि से भी उभर रहा है। बीरम बाबा की चौपाल के साथ जुड़ी गौरवशाली विरासत, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सांस्कृतिक परंपराएं इस स्थान को विशेष पहचान दिला रही हैं।




स्मारक चौपाल बाबा बीरम सिंह। अमृत विचार



ठाकुर घनश्याम सिंह।

# संकल्प सभा में गिनाई पीएम मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियां



संकल्प सभा के दौरान भाजपा विधायक को फूल माला पहनाते पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

**महमूदाबाद, अमृत विचार :** भाजपा द्वारा महमूदाबाद विधानसभा के मंडल पैतेपुर में श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, कोठवल स्थित चाणक्य सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्य उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सागर सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर रामप्रवेश प्रजापति, जिला मंत्री सुधीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य राम जीवन जायसवाल, केके त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष अमरीश वर्मा, जिला प्रतिनिधि रमेश गुप्ता समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो कार्रवाई से एसपी असंतुष्ट, लगाई फटकार

## डीएम-एसपी ने खीरों थाना परिसर में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, 20 शिकायतों में मात्र 3 का ही हो सका निस्तारण

समाधान दिवस

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी डा. यशवीर सिंह ने शनिवार को खीरों थाने के परिसर में समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए। समाधान दिवस में आई कुल 20 शिकायतों में तीन शिकायतों का निस्तारण किया। शेष 17 शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने एंटी रोमियो से संबंधित मामले में कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी निरीक्षक को जबरदस्त फटकार लगाई और चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए।

शनिवार को थाना खीरों परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी डॉ यशवीर सिंह को शिकायती पत्र देते हुए मेडौली निवासी रामधनी ने घूरे की जमीन और पानी के निकास की शिकायत दर्ज कराई। प्रसाद खेड़ा मजरे मदनापुर निवासी हरिशंकर ने घूरे की जमीन के विवाद की शिकायत की। रामपुर जेरी निवासी राजनरेश ने अपने गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध भूमिधरी जमीन पर कब्जेदारी की शिकायत की। शिकायतपत्रों के निस्तारण के दौरान ही पुलिस अधीक्षक ने एंटी रोमियो कार्रवाई की जांच शुरू की, जिसमें उन्हें सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिला। इससे नाराज होकर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह और महिला आरक्षी सुरभि पाण्डेय को जबरदस्त फटकार लगाई। निर्देश दिया कि कालेजों और विशेष स्थलों पर महिला सुरक्षा दल (एंटी रोमियो) को सक्रिय कर शोहदों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें, ताकि महिलाओं और युवतियों में निर्भीकता का वातावरण बन सके। इस दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



समाधान दिवस पर खीरों थाना परिसर में समस्याएं सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर, साथ में एसपी डा. यशवीर सिंह। अमृत विचार



समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण करते नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और थाना प्रभारी अजय कुमार राय। अमृत विचार

### नायब तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें

**लालगंज, रायबरेली।** नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे ने अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के साथ लोगों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार ने मौके पर चार जमीन संबंधी शिकायतों का निस्तारण भी किया। उन्होंने बताया कि अन्य प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। एक सप्ताह के अंदर सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाएगा। थाना समाधान दिवस में मेरुई निवासी जयराम ने अंबेडकर पार्क तक रास्ता दिलाए जाने, पूरे चौहानन की गौरा रुपई की महिला कुसुमा पत्नी राम अवतार ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसके खेत की तरफ दरवाजा लगाए जाने की शिकायत की। महाखेड़ा के भागीरथ ने जमीन विवाद संबंधी शिकायत की है। इस मौके पर लेखपाल प्रियम पांडे, वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मोहित शर्मा, रविंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जमीन विवाद के छह मामलों की जांच

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और थाना प्रभारी अजय कुमार राय ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इसमें जमीन विवाद की छह शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी चार मामलों की जांच के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। थाना प्रभारी अजय कुमार राय ने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान कानून-व्यवस्था और राजस्व विभाग की टीम सक्रिय रही। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक हरीलाल, डलमऊ के राजस्व निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, लेखपाल पुष्पेंद्र सोनकर, आलोक अवस्थी, उदित जायसवाल, आदित्य सिंह, उप निरीक्षक पंचम लाल सोनकर, अमित सिंह, अमन कुमार, अजीत सिंह, ऋषिकेश व कांस्टेबल पवन कुमार, धर्मेंद्र, लवकुश रहे मौजूद।

### समाधान दिवस में आए 20 मामले, एक का निस्तारण

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को शिवगढ़ थाना परिसर में नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना प्रभारी विन्ध्य विनय ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 20 मामले आए थे। इसमें एक का मौके पर ही निस्तारण हो गया। वहीं शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीमें गठित कर दी गई है। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक विन्ध्य विनय, कानून-गो धर्मेश द्विवेदी, अजय चौधरी, हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल, शैलेंद्र कुमार, तुषार साहू, विपिन मौर्य, विवेक वर्मा, शिव प्रसाद मौर्य, राजेश कुमार, अवनीश प्रताप, प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराज आदि लोग उपस्थित रहे।

### शिकायतों का नहीं कर सके निस्तारण

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल आई 18 शिकायतों में एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इसमें राजस्व की 16 व पुलिस की दो शिकायतें आई। किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षण देवेंद्र सिंह भदौरिया, कानूनगो आबिद अली सहित सभी हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में 30 तक आवेदन

**संवाददाता, रायबरेली।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस योजना में शासन स्तर से यदि कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान लागू होंगे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**बछरावां, रायबरेली।** लखनऊ-रायबरेली रेल खंड के पहुरावां गांव के पास शनिवार को एक युवक का शव ग्रामीण ने देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान कराई तो पता चला कि मृतक थाना मिल एरिया क्षेत्र के कदरवपुर का रहने वाला है। युवक शिनाख्त सोनू पुत्र जगदंबा के रूप में हुई। युवक किस ट्रेन की चपेट में यह पता नहीं चल सका। कोतवाल पंकज त्यागी ने बताया कि जांच में पता चला है कि युवक ने आत्महत्या की है। परिजनों को बुलाया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फल व्यापारी को जमकर पीटा, गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के अटल चौक गांधी चौराहे पर फल की ठेलिया दुकान लगाये दुकानदार को कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के खटीक बिरादरी के गुड्डू की मुस्लिम बिरादरी के दुकानदारों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर उन लोगों ने गुड्डू के सिर पर लोहे के बांट से प्रहार कर दिया। इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरो ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गुड्डू के परिवारीजन राजकुमार ने बताया कि उसे और अनुज को भी चोट आई है। सूचना पुलिस को दी है।

## भगवान के चरणों में है सभी का सुख



सलोन क्षेत्र के ग्राम पूरे नेम का पुरवा में चल रही श्रीमद्भागवत पुराण कथा में मौजूद लोग। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पूरे नेम का पुरवा मे चल रही श्रीमद्भागवत पुराण कथा में पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि सभी का सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है। इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है। इसके श्रवण करने से मनुष्य अमृत हो जाता है।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है, जिसे पढ़ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्व पापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग और मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है, तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी ना किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। कथावाचक ने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। राधिका किशोरी ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया। इस मौके कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह, पूर्व प्रमुख आजाद सिंह, आयोजक वीपी सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दोपहर तक चला रेल पटरी बदलने का काम, ट्रकों की लंबी कतार

लालगंज, रायबरेली



रेल पटरी बदलने का चल रहा काम।

**अमृत विचार।** लालगंज नगर के तहसील रोड रेलवे क्रॉसिंग गेट के पास पटरी बदलने का काम चल रहा है। शुक्रवार शाम आठ बजे से रेल पटरी बदलने का काम शनिवार दोपहर 12 बजे तक चलता रहा, जिसके कारण लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने रेल प्रशासन के द्वारा बिना सूचना के दिन में भी काम चालू रखने के मद्देनजर नाराजगी व्यक्त की है। रेल विभाग के द्वारा प्रशासन को 13 जून से लेकर 15 जून की रात में काम करने का पत्र जारी किया गया था। शाम आठ बजे से सुबह आठ बजे तक गेट बंद रहने का सर्कुलर रेलवे ने जारी किया था। लेकिन शनिवार सुबह पटरी बदलने का काम सुबह आठ बजे तक जब पूरा नहीं हुआ तो दिन में भी रेल ट्रैक बदलने का काम चलता रहा, जिसके कारण रेलवे गेट के दोनों तरफ ट्रकों की लंबी कतारे लग गई। पैदल, राहगीर साइकिल और बाइक सवार सभी को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। रेल ट्रैक मरम्मत को लेकर रेल विभाग और स्थानीय प्रशासन की भी लापरवाही सामने आई है। रेल ट्रैक मरम्मत का काम देख रहे वरिष्ठ अभियंता बृजभूषण सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम से ही ट्रक खड़े हुए हैं, जबकि प्रशासन को रात में गेट बंद होने की सूचना दी गई थी। वही जब शनिवार सुबह रेल पटरी बदलने का काम चलता रहा तो रेलवे ने भी प्रशासन को सूचना देना उचित नहीं समझा, जिससे दिनभर लालगंज के लोग जाम से जूझते रहे। नगर के अंदर दिन भर ट्रक खड़े ,रहे जिसके कारण जहां व्यापारियों का व्यापार चौपट हो गया। वहीं स्थानीय आम लोगों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

## हरियाणा में रायबरेली के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** हरियाणा के पलवल जिले में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में क्षेत्र के युवक उदयभान की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से पूरे गांव में कोहराम मच गया। आनन-फानन में मृतक के परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे जमादार मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी उदयभान (32) पुत्र स्व. रामफेर हरियाणा में कंटेनर चलाता है। शनिवार सुबह करीब चार बजे हरियाणा के पलवल जिले के मुंडकटी थाना क्षेत्र में उदयभान का कंटेनर किसी दूसरे ट्रक से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सुबह मौत की खबर मृतक के घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। वही मृतक के परिजन भी घटना स्थल के लिए आनन-फानन रवाना हो गए हैं।

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

उदयभान हरियाणा के पलवल जिले में डाक पार्सल का कंटेनर चलाकर परिवार की जीविका चलाते थे। मृतक उदयभान के तीन साल की बेटी आर्या व छह माह का बेटा सूर्या है। अभी बच्चों ने ठीक तरह से होश भी नहीं संभाला था कि उसके पहले ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया। दुर्घटना के बाद से ही मृतक उदय भान की पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पोषाहार वितरण के लिए फेस अथेंटिकेशन जरूरी

संवाददाता, रायबरेली





समीक्षा बैठक में बोलते जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह।

**अमृत विचार।** जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पंजीकृत गर्भवती धात्री/महिलाओं और छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों का पोषण ट्रैकर ऐप पर फेस एथेंटिकेशन (चेहरा पहचान प्रणाली) करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें समस्त लाभार्थियों की फेस की फोटो और ई-केवाईसी की जाएगी।

बिना फेस एथेंटिकेट/ईकेवाईसी कराये पोषाहार के लाभार्थियो को पोषाहार नही दिया जायेगा। इस विषय में प्रमुख सचिव बाल विकास पुष्टाहार द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किए गए है, जिसमे स्पष्ट निर्देश है कि एक जून से पुष्टाहार वितरण के लिए फेस एथेंटिकेशन अनिवार्य होगा। इस कार्य 30 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह ने सीडीपीओ, मुख्य सेविका और ब्लाक को-आर्डिनेटर के साथ विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक की। इसमें सभी को इस कार्य को 30 जून तक अनिवार्यतः पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। फेस एथेंटिकेशन का कार्य जनपद के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा किया जाएगा। बैठक में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, जिला समन्वयक एवं समस्त ब्लाक को-आर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नसीम को किया सम्मानित



नसीम को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव ने जिले सलोन निवासी मोहम्मद नसीम ग्रेनआर्टिस्ट की लखनऊ में हौसला अफजाई करते हुए पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मोहम्मद नसीम ने चावल और दाल के दाने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, मैनपुरी सांसद डिंपल यादव एवं उनके तीनों बच्चों का चित्र बनाकर भेंट किया, जिसको देखकर पूर्व मुख्यमंत्री ने मोहम्मद नसीम की अनूठी कला की सराहना किया। इस मुलाकात में महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अबू आसिम आजमी, प्रदेश सचिव चौधरी मोहशीन, मोहम्मद नसीम के पुत्र मोहम्मद तालिब ,प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नदीम कासिम आदि उपस्थित रहे। स्थानीय रायबरेली के सलोन निवासी मोहम्मद नसीम को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सम्मान मिलने पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष इं .वीरेंद्र यादव ने मोहम्मद नसीम को बधाई देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया।

### महिला आयोग उपाध्यक्ष ने बेहतर व्यवस्था के दिए निर्देश

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। अस्पताल में साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। आयोग उपाध्यक्ष ने आईटीआई स्थित वृद्धा आश्रम के निरीक्षण में आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने बाल गृह (बालिका) चक धरौरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 54 बालिकाएं आवासित पाई गई। उपाध्यक्ष ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे बाल ग्रह में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया।

### जागरूकता रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के तहत 12 से 17 जून तक बाल श्रम निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आम जनमानस में बाल श्रम जैसी सामाजिक अभिशाप के प्रति जागरूक करने उनमें इस प्रथा से होने वाले सामाजिक हानि से अवगत कराये जाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। रैली कार्यालय सहायक श्रमायुक्त गांधी नगर रायबरेली से प्रारम्भ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त में समाप्त हुई, जिसमें स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी एवं स्थानीय आम जन सहित कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में मिलिन्द्र द्विवेदी सदस्य बाल कल्याण समिति भी सम्मिलित हुए। रैली की अगुवाई कर रहे आरएल स्वर्णकार सहायक श्रमायुक्त द्वारा मार्ग में मिलने वाले दुकानदारों एवं आम राहगीरों को भी बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अपने आस-पास 'बाल श्रम' को रोकने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में कार्यालय के कर्मचारी अपने हाथो में प्ले कार्ड लिए रहे, जिसमें 'बाल मजदूर मुक्त जिला हमारा संकल्प', 'बच्चे काम नहीं, पढ़ाई के लिए बने हैं', 'पढ़ेगा भारत, तभी बढ़ेगा भारत', 'बचपन बचाओ, शिक्षा दिलाओ', 'बाल श्रम अपराध है, समाज के लिए आप है' व 'हम सब ने यह ठाना है, बाल मजदूरी हटाना है' जैसे नारों को प्रदर्शित कर 'बाल श्रम' के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों और आम जन मानस द्वारा बाल श्रम को रोकने का प्रयास करने का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किए गए।

### सेल्स मैनेजर के साथ हुई लूट, कोतवाली में दी तहरीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** रात के अंधेरे में एक प्राइवेट कम्पनी के क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर के साथ बदमाशों ने कई हजार नकदी समेत मोबाइल लूट लिया। यह घटना सरेराह लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर हुई है। शिकायत के बाद पुलिस पर लूट की तहरीर बदलवाने का आरोप है। प्रयागराज जनपद के नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के निवासी मनीष दुबे एक प्राईवेट कम्पनी से रायबरेली में क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर हैं। वह कोतवाली क्षेत्र एनटीपीसी गेट नम्बर दो के पास किराए के मकान में रहते हैं। शुक्रवार की मध्य रात रात्रि वह शहर से बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। तभी पूरे छीटू सिंह मजरे सवैया हसन गांव के निकट तीन अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। पीड़ित मनीष दुबे से बैग छीनकर उसमें रखी बीस हजार रुपए की नकदी और एक मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गए। चोट अधिक लगने के कारण वह रात में अपने किराए माकान में सोने चला गया। शनिवार को पीड़ित कोतवाली पहुंचा और मामले की लिखित शिकायत की, लेकिन पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने बजाए उल्टा पीढ़ित की तहरीर बदलवा दिया। इस सम्बद्ध में कोतवाल संजय कुमार, सीओ अरुण कुमार नौहवार, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा से फोन पर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं रिसीव हुआ।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, हत्या का अरोप

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बीते शुक्रवार को बरहुवां ग्राम के पूरे बतक गांव में पेड़ से फंदे पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। युवती की मौत की सूचना पाकर पहुंची मृतका की मां ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कप्तान का पुरवा मजरे मटिहा निवासी कुंती का विवाह महराजगंज के बरहुवां ग्राम के पूरे बतक गांव निवासी श्यामू से हुआ था। जिनके ससर्ग से दो बच्चे हुए। शनिवार को बेटी कुंती की मौत की खबर पाकर मौके पर पहुंची मां शिवनाथा ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मृतका की मां ने मृतका कुंती के पति श्यामू, देवर रामू, ननद नन्की व उसकी सास पर युवती की हत्या करके शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि मृतका का पति श्यामू गलत रास्ते पर चल रहा था जिसे उसकी बेटी कुंती ने मना किया था, जिसे यह बात बुरी लग गई और उसे रास्ते से हटाने की नियत से मार डाला। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। छानबीन की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

» मृतका की मां ने ससुरालीजनों को नामजद करते हुए थाने में दी तहरीर

### ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप, 8 पर रिपोर्ट दर्ज

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** दहेज की लालच में एक महिला की जिंदगी उजाड़ दी गई। ससुराल वालों ने पहले तो दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया, फिर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। अब साफ कह दिया कि वह उसे वापस नहीं लेगा, क्योंकि वह उसे पसंद नहीं है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर सलोन थाने में आठ लोगो पर दहेज एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुई है।पीड़िता के चार बच्चे है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बगहा निवासी नाजरीन बानो पुत्री मोहम्मद इस्लाम की शादी (15) पूर्व मीरजहापुर निवासी मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद आसीर के साथ हुई थी। पीड़िता के मुताबिक शादी के पन्द्रह वर्ष बीत चुके है। शादी के बाद पति हुसैन से उसके चार बच्चे मोहम्मद अल बख्स (15), जायरा बानो (13), जैनब बानो (9) और मोहम्मद अर्श खा (05) है। महिला के आरोपों के मुताबिक शादी के बाद से ससुराल जनों द्वारा बराबर कम दहेज लाने और एक लाख रुपये नगद दहेज की मांग पूरी करने को लेकर घर के अंदर प्रताड़ित करते रहते थे। महिला ने बताया कि उसने ससुराल जनों से यह कहकर मना किया कि उसके माता-पिता गरीब है, फिर भी उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। महिला ने आरोप लगाया है कि आठ जून की सुबह नौ बजे विपक्षी उसके ससुर आसीर, ननद गुलशन बानो, नफीस और उसके बेटे सैफ, कैफ, बेटी तरन्नुम, तबस्सुम ने दहेज में नगद एक लाख रुपये की मांग को लेकर मारने पीटने लगे। इसके बाद कपड़े जेवर और मोबाइल छीन लिया। इतने में उसका पति मोहम्मद हुसैन आया और धक्के मार कर तीन बार तीन तलाक कहते हुए घर से भगा दिया। वही घटना से आहत महिला के मायके पक्ष के लोग सलोन थाने पहुंचे। सलोन कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आठ लोगो के विरुद्ध दहेज एक्ट मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

समस्या

भीषण गर्मी में रतजगा करने को मजबूर हो रहे लोग, कभी ओवरलोड तो कभी ट्रिपिंग के बहाने कटौती

# अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश, चेतावनी

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली



रात में अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी से हर कोई परेशान है। वहीं बिजली की कटौती कोढ़ में खाज का काम कर रही है। हाल यह है कि दिन भर थककर रात में जब लोग सोने के लिए बिस्तर पर जाते हैं तो बिजली गुल हो जाती है। विद्युत विभाग के मनमाने रवैये एवं अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। इसे लेकर क्षेत्र के लोगों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। जल्द ही समस्या का समाधान न होने पर विद्युत उपभोक्ताओं ने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि पारा बढ़ने से पिछले 15 दिनों से लगातार उमस भरी भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ ही जीव जन्तु भी बेहाल हैं। आलम यह है कि विद्युत विभाग के मनमाने रवैए से दिन-भर बिजली की आंखमिचौली का खेल जारी रहता है। पिछले कई दिनों से रात में कई बार घंटों-घंटों तक रोस्टिंग होने से उपभोक्ता सो नहीं पाते हैं। रात भर गर्मी से बिलबिलाते रहते हैं। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपभोक्ता दिन में 45 डिग्री तापमान में पसीना बहाते हैं और शाम को घर आते हैं तो बिजली गुल रहती हैं। ठीक तरह से बिजली के उजाले में खाना भी नसीब नहीं होता। रात में एक-एक घंटे पर अघोषित कटौती होने से उपभोक्ताओं की नींद हराम हो गई है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है।

### क्या कहते हैं लोग



नन्द किशोर तिवारी।



केतार पासी।



संगीत मिश्रा।



गौरव मिश्रा।

पूर्व प्रधान नन्दकिशोर तिवारी का कहना है कि शिवगढ़ नगर पंचायत में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलनी चाहिए। वहीं बिजली विभाग के मनमाने रवैए से ठीक तरह से 14 घंटे भी विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। हालात दिन प्रतिदिन बदतर हो रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी का कहना है कि विद्युत बिलों में तो लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार नही हो रहा है। विद्युत बिल निकालने के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ खेल किया जा रहा है। सुनवाई के नाम पर अधिकारी अपने में मस्त हैं।संगीत मिश्रा का कहना है कि फोन मिलाने पर न तो अवर अभियंता (जेई) का नम्बर उठता है और न ही शिवगढ़ पावर हाउस का। विद्युत विभाग तानाशाही रवैया अपना रहा है। अघोषित कटौती ने तो जीना दुश्वार कर दिया है। कटौती कितने देर की होगी यह तक कोई बताने वाला नहीं होता है।कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गौरव मिश्रा का कहना है कि यदि विद्युत व्यवस्था में सुधार ना हुआ तो विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। वर्तमान सरकार में आमजनमानस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। बिजली की समस्या को दूर करने में जिम्मेदार नाकाम हैं।

"रोस्टिंग विद्युत ट्रांसमिशन से होती है। इसमें विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ का कोई रोल नहीं है। जितनी विद्युत आपूर्ति मिल रही है उतनी विद्युत आपूर्ति की जा रही है। फाल्ट की सूचना मिलते ही तत्काल दूर कर दिया जाता है।"

–प्रमोद वर्मा, एसडीओ

# साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोहिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चौथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार हैं। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्स्की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्स्की की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मै देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गतः स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव




गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सींखचों में चूजे





डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्त्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी।

मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ



डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफ़ेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के उड़वा में संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजन व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़वा गांव रेशमा पुत्री स्व. चंदिका प्रसाद माता-पिता के निधन के बाद से अपने भइया-भाभी के साथ रहती थी। शुक्रवार की रात अचानक उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की सुबह जब परिवारीजन मृत किशोरी का शव घर से बाहर निकाला तो पूरे गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई। पुलिस को बिना सूचना दिए परिजन चुपचाप तरीके से शव के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इस बीच ग्रामीणों को मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूत्रों की माने तो मृत किशोर के बैंक खाता में लाखों रुपए की नकदी जमा होने के पीछे रहस्य बना हुआ है। फिलहाल ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस के पहुंचने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मृत किशोरी के शव को कब्जे में ले लिया है। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# मौरंग मंडी में ट्रक चालकों का हंगामा, खनन अधिकारी लौटे

## ओवरलोड वाहनों पर नहीं कर सके कार्रवाई, रॉयल्टी चेक करने पर भड़के ट्रक चालक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली में मनमाने ढंग से संचालित मौरंग मंडी में उस समय हंगामा होने लगा, जब जांच करने के लिए खनन अधिकारी पहुंच गए। ओवरलोड के साथ ही अन्य कागजात चेक करने पर ट्रक चालकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान एक ट्रक चालक कार्रवाई होता देख खनन अधिकारी की गाड़ी के सामने ही लेट गया। मामला बढ़ता देख खनन अधिकारी बिना कार्रवाई किए ही लौट आए। उनके जाने के बाद चालक शांत हुए।

शहर के राजघाट में मौरंग मंडी संचालित है। यहां पर मौरंग, गिट्टी आदि लदे अधिकांश वाहन ओवरलोड होकर सड़क के किनारे ही खड़े रहते हैं। वहां पर रहने वाले दबंग छवि के लोगों की मजबूत पकड़ और अफसरों की सेटिंग-गेटिंग के कारण यहां पर खड़े वाहनों पर शायद ही कभी कार्रवाई हुई हो। हाल यह है कि चंद कदम की दूरी पर राजघाट चौकी भी है। उनके सामने से ही ओवरलोड वाहन गुजरते रहते हैं। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है। शनिवार को डंपर और ट्रकों की रॉयल्टी चेक करने के लिए खनन अधिकारी ईश्वर चन्द्र अचानक मौरंग मंडी पहुंच गए। खनन अधिकारी ने जांच के दौरान कई खामियां पकड़ी, जिस पर वह वाहनों का चालान करने लगे। कार्रवाई होता देख ट्रक के ड्राइवर एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। अधिकारी और ट्रक ड्राइवरों के बीच लगभग एक घंटे तक हाइवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। देखते ही देखते कानपुर-रायबरेली मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। ड्राइवरों के हाइवोल्टेज ड्रामे के बाद खनन अधिकारी बेबस होकर खाली हाथ लौट गए।



खनन अधिकारी के वाहन के सामने लेटकर विरोध जताता चालक।



खनन अधिकारी की कार्रवाई पर हंगामा करते ट्रक और डंपर चालक।

> ओवरलोडिंग ट्रकों के चालान के लिए खनन अधिकारी गए हुए थे। वाहन चालकों ने विरोध किया है। अब स्थिति सामान्य है।
>
> -अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी, नगर

### वाहनों से खूब वसूली का चलता है खेल

यातायात पुलिस द्वारा सुबह छह से रात नौ बजे तक नो इंट्री किया गया है। इसके बावजूद शहर के अंदर राजघाट पर बकायदा मौरंग मंडी संचालित है। कहीं ना कहीं यह अवैध तरीके से संचालित है। सुबह से ही भारी वाहनों का वहां पर रेला लग जाता है। ऐसे में नो इंट्री के बाद भी इन वाहनों को शहर के अंदर मौरंग मंडी तक पहुंचाने के एवज में खूब वसूली का खेल चलता है। जिम्मेदार भी सबकुछ जानकर अनभिज्ञ बने रहते हैं।

### खनन अधिकारी से झड़प पर खाकी की चुप्पी

खनन अधिकारी को जिस तरह से मायूस होकर लौटना पड़ा, इससे साफ जाहिर है कि कहीं ना कहीं दाल में कुछ काला है। चंद कदम पर राजघाट चौकी भी है। इसके बावजूद खनन अधिकारी खुद को अकेला महसूस कर रहे थे। दबाव इतना बढ़ा कि कार्रवाई की कौन कहे, उन्होंने चुपचाप निकलने में अपनी भलाई समझी। इन सबके बावजूद वाहन चालकों के रवैये के प्रति खाकी की चुप्पी किसी को हजम नहीं हो रही है।

> मेरी पोस्टिंग अभी नई है। मुझे मंडी की जानकारी नहीं थी। मैं रूटीन चेकिंग पर निकला था। गुरुवार को भी ऊंचाहार-डलमऊ रोड पर तीन चालान किए थे। यहां पर कई गाड़ियां बिना रवन्ना और अधूरे कागजात के दौड़ रही हैं, जिन पर कार्रवाई तय है। वायरल वीडियो में जो भी हुआ उसके बाद युवक ने मुझसे माफी भी मांगी है।
>
> -ईश्वर चन्द्र, खनन अधिकारी, रायबरेली

## सार-संक्षेप

### भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की जीत



गौरीगंज में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का परिचय लेते अतिथि।

**अमेठी ,अमृत विचार।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रथम स्व. निर्मला मौर्या स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन शनिवार को भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी एवं द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर के बीच मैत खेला गया। इसमें भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 29 .1 ओवर में 217 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक 109 रन राहुल मिश्रा ने बनाये। द क्रिकेट स्कूल जवाब में उतरी द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर 14 ओवर्स मे ही 132 रनों पर ही सिमट गई। इसमें शोएब खान ने 100 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ़ द मैच राहुल मिश्रा, फाइटर ऑफ़ द मैच शोएब खान, बेस्ट बैट्समैन सचिन, बेस्ट बॉलर कश खान रहे। मैच मे अवाड्र्स देने के लिए संजय मोबाइल शॉप गौरीगंज के अरुण यादव एवं पांडेय पुस्तक भंडार के राकेश पांडेय, जिला क्रिकेट संघ अमेठी के उपाध्यक्ष गोविन्द मौर्या मौजूद रहे।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर हुई संकल्प सभा

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** तिलोई ब्लॉक सभागार में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व जिला महामंत्री रामकृष्ण भारती पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम मूर्ति यादव मंडल महामंत्री सोनू सिंह संजय मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासी जी संदीप सिंह जी बबलू मिश्रा, आशा पांडे जी अजय सिंह गोलू, मंडल मंत्री अनूप प्रजापति, विनोद यादव, विजमा यादव, सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। अध्यक्षता पंकज अवस्थी मंडल अध्यक्ष न की।

### ससुरालीजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

जगदीशपुर अमेठी, अमृत विचार। थाना भाले सुल्तान के मटियारीकलां निवासी दिनेश सिंह ने कोतवाली जगदीशपुर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने पुत्री श्रेया की शादी 18 फरवरी 2024 को थाना जगदीशपुर के ग्राम मदुपुर उमरवल निवासी एक युवक के साथ की थी। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके पति व अन्य ससुरालीजन श्रेया को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने 30 अगस्त 2024 को अपने पिता को फोन कर आपबीती बताई। जब दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी ससुराल पक्ष ने अभद्र व्यवहार किया। दिनेश सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और बेटी की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### उधार सामान नहीं देने पर दुकानदार पर हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में उधार न देने पर रंजिश में गांव के एक दबंग ने एक ठेले दुकानदार पर हमला कर दिया। मारपीट के बाद उससे 15 हजार रुपये भी छीन लिए। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मदद के लिए दौड़े तो उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला नगर से जुड़े गांव महेशगंज मजरे खोजनपुर का है। गांव निवासी विजय कुमार अग्रहरी नगर के पुरानी रेलवे क्रॉसिंग पर लाई, चना भून कर बेचने का ठेला लगाता है। उसका कहना है कि दो दिन पूर्व उसके गांव के एस युवक शराब के नशे में आया और उससे उधार के तौर पर सामान मांगने लगा। दुकानदार विजय ने मना कर दिया। इस बात दबंग उससे रंजिश रखने लगा। शुक्रवार की रात प्रतिदिन की भांति वह रात में दुकान बंद करके साईकिल पर सामान लादकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के तालाब के पास दबंग ने अपने साथी के साथ किसी भारी हथियार से उसके सिर पर हमला कर दिया। इस हमले से विजय कुमार जमीन पर गिर गया। उसे अचेत देख इसका फायदा उठाते हुए दोनों ने उसके जेब में रखे 15700 रुपये जबरन निकाल लिए। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद उसकी जान बची। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस ने रात में ही उसका मेडिकल परीक्षण करा दिया। कोतवाल संजय कुमार ने बताया दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। वहीं घायल पीड़ित विजय कुमार ने समझौता से इन्कार किया है।

# मोदी युग में रखी गई आत्मनिर्भर भारत की नींव

संवाददाता, जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर शनिवार को जगदीशपुर स्थित मैरिज हॉल में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शेखर तिवारी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, भाजपा प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुरेश पासी मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड नारी शक्ति के उत्थान, मध्यमवर्ग को सम्मान, व्यापारिक सुधार, समावेशी विकास और साहसिक निर्णयों के लिए जाना जाएगा। मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को वास्तविकता में बदलकर दिखाया है। विधायक सुरेश पासी ने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विकसित भारत के 5 प्राण और 11 संकल्पों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक के सपनों का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकिशोर पांडेय ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, राम हेत वैश्य, राजेश सिंह, डी.सी. कौशल, जगदीश पाठक, प्रवीण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक सुरेश पासी।

# बाइक पुलिया से टकराई युवक की मौत, दो गंभीर

शुकुल बाजार

**अमेठी अमृत विचार।** शनिवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर काजीपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक ही गांव सराय माधव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक, तीनों युवक बुलेट बाइक से घूमने निकले थे। काजीपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार लाया गया जहां डॉक्टरों ने रिंकू (25) को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्गेश (22) और सौरभ (20) की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी मिलते ही शुकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सं.-
उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-05-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं. :** 1, **खुली निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-एलजेएन-05-2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परियोजना के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खण्ड के मध्य ट्रैक का रखरखाव एवं अन्य विविध कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 2,06,73,596.46, **बयाना राशि :** रु. 2,53,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (छः) माह।

• **क्रम सं.-1:-** ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 07.07.2025 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। • निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट http://ireps.gov.in अथवा वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II
मुजाधि/डब्ल्यू-117 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ जं.

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# आरोग्य मंदिर का किया वर्चुअल मूल्यांकन

**संग्रामपुर अमृत विचार।** शनिवार को आरोग्य मंदिर बड़गांव का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के अंतर्गत वर्चुअल माध्यम से मूल्यांकन किया गया। गुजरात और बिहार के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अस्पताल में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। इसमें प्रसव पूर्व सेवाएं, एनसीडी (गैर संचारी रोग), एचबीएनसी (गृह आधारित नवजात देखभाल), नियमित टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण, मौखिक स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन सेवाएं एवं परिवार नियोजन आदि सेवाओं का निरीक्षण किया गया। असेसमेंट में ऑब्ज़र्वेशन, स्टाफ इंटरव्यू, रिकॉर्ड समीक्षा तथा मरीजों से साक्षात्कार किया गया। इस दौरान सीएचसी संग्रामपुर के अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह, बीपीएम शंभूनाथ पांडेय, बीसीपीएम तीर्थराज यादव, एआरओ संतोष यादव, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर राजेश उपस्थित रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि वर्चुअल माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्टाफ गुणवत्ता संबंधी अहम जानकारी दी।

# योग जीवन को संतुलित दिशा में ले जाने का विज्ञान

तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** तहसील तिलोई के परिसर में शनिवार की सुबह योग सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इसमें जिला योग एवं आयुर्वेद प्रशिक्षक डॉ. रवि प्रताप सिंह (रायबरेली) ने योग, आहार-विहार, दिनचर्या नियंत्रण और स्वास्थ्य पर आधारित व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न रोगों के लिए चिकित्सकीय सुझाव भी दिए गए। डॉ रवि ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक दिशा में ले जाने का विज्ञान है। आधुनिक लाइफ स्टाइल लोगों पर बुरा प्रभाव डाल रही है। इसलिए योग को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। पतंजलि परिवार तिलोई और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट (पतंजलि) के तहसील प्रभारी शिव कुमार सिंह के संयोजन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि योग को जन-जन तक पहुँचाया जा सके और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।



तिलोई तहसील प्रांगण में योग करते लोग। अमृत विचार

# आधा दर्जन लोगों पर युवतियों को पीटने का आरोप, केस दर्ज

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पड़ोस की सगी बहनों को लाठी डंडों से इस कदर पीटा कि वह खून से लथपथ हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवतियों को सीएचसी भेजा। सीएचसी से एक युवती की हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता के भाई ने शराबी युवक समेत आधा दर्जन से अधिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

कोतवाली अंतर्गत चकमिर्जापाती मजरे रग्घुपुर गांव निवासी ओम प्रकाश पर पीड़ित अजय कुमार ने आरोप लगाया है कि शराब के नशे में धुत होकर उसने उसकी बहनों को अपशब्द कहा था। जिसका बहनों ने विरोध किया था। आरोप है कि विपक्षी ओम प्रकाश, प्रदीप, विकास, शोभा, नन्हे, सोनू, रीना, अशोक एक राय होकर लाठी डण्डे व ईंटो से उसके घर पहुंचकर बहने मंजू व अंजू को मारने लगे। शोर मचाने के दौरान घर में आकर दरवाजा बन्द करना चाहा तो पीछे से आकर सभी विपक्षीगण भी दरवाजे में धक्का देकर घर में घुस आये और वहां भी जमीन पर गिरा-गिरा कर मारा-पीटा तथा बाल पकड़ कर घसीटते हुए बाहर लाकर मरणासन्न कर दिया। आरोप है कि शोर सुनकर उनकी बूढी मां व गांव के लोग आये तो किसी तरह बहनों की जान बच सकी। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एम्बुलेंस बुला कर सीएचसी सलोन दोनों युवतियों को भर्ती कराया। यहां मंजू की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई ने कुल आठ लोगो के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

# ग्राम पंचायत लोहरता में प्रधान, सचिव को नोटिस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी की ग्राम पंचायत लोहरता में भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस थमाया गया है। ग्राम पंचायत लोहरता में लेखपाल ने कूड़ाघर निर्माण के लिए जमीन का चिह्नांकन नहीं किया और निर्माण भी अधूरा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत ने सरकारी कोष से भुगतान करा लिया है। सहायक विकास अधिकारी के माध्यम से डीपीआरओ ने प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में धनराशि तत्काल वापस करने का भी आदेश दिया गया है। उधर, अमृत सरोवर लोहरता के निर्माण मे फर्जी मानव दिवस सृजन की खबर मिली है। मई माह मे तालाब निर्माण कार्य के लिए 70 मजदूरो की फर्जी हाजिरी लगाई गई है। इस सम्बन्ध मे कार्यक्रम अधिकारी ने रोजगार सेवक राम सेवक तिवारी को नोटिस दी है, साथ ही ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी नेहा सिंह को प्रतिलिपि जारी की है। उन्होने कहा है कि मनरेगा के तहत कराए गए कार्य नियम विरुद्ध हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 27/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत सोनाई, गंज डुंडवारा, सिकन्दरा राव, हाथरस सिटी एवं मथुरा कैंट यार्डों (कुल = 5 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 10,11,80,552.15, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,55,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 2.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में समइं/ लाइन/ इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत भोजीपुरा, पंतनगर, किच्छा, देवरनियाँ एवं बहेड़ी में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 6,34,34,147.64, बयाना राशि रूपयों में : रू. 4,67,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 3.** कार्य का विवरण : 1. इज्जतनगर डिवीजन में समइं/लाइन/इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत बदायूँ, उझानी, एवं मकरन्दपुर में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य। 2. भोजीपुरा-लालकुआँ (26 सेटस्) एवं भोजीपुरा-कासगंज (67 सेटस्) एस.ई.जे. बेहतर एस.ई.जे. का नवीनीकरण (26 सेटस्)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,89,08,628.49, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,44,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **क्र.सं.4.** कार्य का विवरण : समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तगंत बिल्हौर, कन्नौज, खुदागंज, कमालगंज, फतेहगढ़, कायमगंज, कम्पिल रोड एवं दरयाव गंज यार्डो (कुल 8 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 14,22,38,689.00, बयाना राशि रूपयों में : रू. 8,61,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 07.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),
मुजाधि/डब्लू - 115 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सुदृढ़ीकरण | जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद पीडब्ल्यूडी ने शुरु किया सर्वे का कार्य, शिफ्टिंग के लिए विभागों को भेजा पत्र

# बांदा-बहराइच राजमार्ग होगा चौड़ा, सरपट दौड़ेंगे वाहन

अंगद राही, शिवगढ़,रायबरेली

**अमृत विचार।** बांदा-बहराइच राजमार्ग के चौड़ीकरण को हरी झंडी मिल गई है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क, बिजली तार, हैंडपंप आदि शिफ्टिंग के लिए संबंधित विभागों को पत्र भी भेजा जाने लगा है। इसके चौड़ीकरण से जहां वाहन चालकों को आसानी हो सकेगी। वहीं इसका लाभ स्थानीय लोगों को भी मिलेगा।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की संस्तुति पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग के फोर लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को कार्ययोजना में शामिल कर लिया है। जिलाधिकारी ने जनपद के चौड़ीकरण कार्य योजना में इसे प्रथम वरीयता दी है। बांदा-बहराइच राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए सर्वे शुरु हो गया है। सम्पर्क मार्ग के चौड़ीकरण में पड़ने वाली पाइप लाइनों, विद्युत लाइन आदि की शिफ्टिंग को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने आगणन के लिए सम्बन्धित विभागों को पत्र भेजना प्रारंभ कर दिया है। प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग रायबरेली के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि बछरावां पुल से कुम्भी बॉर्डर तक 19.800 किलोमीटर राजमार्ग के चौड़ीकरण को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 56 किलोमीटर बांदा-बहराइच राजमार्ग के चौड़ीकरण को भी कार्य योजना में शामिल किया गया है। इसमें 36 किलोमीटर निर्माण खण्ड 2 के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए जल्द ही एस्टीमेट बनाकर भेजा जाएगा।



बांदा-बहराइच राजमार्ग। अमृत विचार

### भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी

चौड़ीकरण में सबसे लम्बी प्रक्रिया भूमि अधिग्रहण है। इसको लेकर जिम्मेदारों ने तेजी दिखानी शुरू कर दी है। साथ ही बिजली लाइन, पाइपलाइन, हैण्डपम्पों की शिफ्टिंग के साथ ही जल निगम विभाग, वन विभाग से एनओसी लेनी पड़ेगी। ज्ञात हो कि बांदा-बहराइच राजमार्ग उत्तर प्रदेश का सबसे लम्बा मार्ग है, जिस पर ट्रक, ट्रेलर, डंपर के साथ ही भारी वाहनों का रात-दिन आवागमन रहता है। जिसके चलते आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। माना जा रहा है कि इसके फोर लेन बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसी मार्ग से पर्यटन विभाग में हेरिटेज सम्पत्ति के रूप में सूचीबद्ध प्रसिद्ध महेश विलास पैलेस का आगमन है, जहां अकसर धारावाहिक, वेबसीरीज, भोजपुरी एवं बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग होती रहती है।

### पूर्व एमएलसी ने केंद्रीय मंत्री को लिखा था पत्र

बांदा-बहराइच राजमार्ग के चौड़ीकरण एवं इसे नेशनल हाइवे में तब्दील करने के लिए तीन महीने पहले पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में लिखा था कि बांदा-बहराइच राजमार्ग उत्तर प्रदेश का सबसे लम्बा सम्पर्क राजमार्ग है। हाईवे के चौड़ीकरण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पूर्व एमएलसी ने बादा-बहराइच राजमार्ग को लालगंज से हैदरगढ़ तक चौड़ा कराने के साथ ही इसे नेशनल हाइवे में परिवर्तित करने की मांग की थी। उन्होंने इंगित किया था कि यह राज्यमार्ग क्रमशः लखनऊ- अयोध्या, लखनऊ- सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग, लखनऊ - प्रयागराज नेशनल हाईवे को क्रॉस करता हुआ निकला है। इस राज्य मार्ग से करबई एवं हमीरपुर खदान से निर्माण सामग्री ढुलाई की जाती है, जिसमें प्रमुख रूप से रायबरेली, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती,अयोध्या, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा आदि जिले शामिल हैं। यातायात घनत्व को देखते हुए इसे चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करने की नितान्त आवश्यकता है।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

## एक नजर

### शिव सत्संग मण्डल का शिवोत्सव आज

**शाहाबाद, अमृत विचार।** शिव सत्संग मण्डल का सिकंदरपुर कल्लू में शिवोत्सव रविवार की सायं 08 :30 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने बताया कि यह शिवोत्सव कई मायनों में खास होगा। जिसमें भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों की समाज में पुनर्स्थापना एवं शिव आराधना विषय पर संवाद व प्रवचन कार्यक्रम

### जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक 16 को

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राज्य पोषण मिशन के कार्यो नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी एवं अनुश्रवण हेतु गठित जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जून को अपरान्ह चार बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई है।

### जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे भोजन के पैकेट

**हरदोई, अमृत विचार।** सामाजिक संस्था एसएसएन जनकल्याण समिति ने जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को लगातार भोजन वितरित करके 101 सप्ताह पूरे किए। समिति के संस्थापक अरविन्द सिंह एडवोकेट ने बताया कि समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन पैकेट वितरित करने का कार्यक्रम निरंतरता के साथ अग्रसर हो रहा है। भोजन पैकेट वितरण में डॉ सोहिनी द्विवेदी, पूनम सिंह, प्रदेश सचिव प्रेम गुप्ता,उपाध्यक्ष नीलम सिंह समेत संस्था से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवक के साथ मारपीट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक मारपीट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित प्रभू दयाल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनीष को गिरफ्तार किया है, दो आरोपी फरार हैं।


# सरकारी धन की हो रही बंदरबांट, जनसुनवाई पोर्टल बना मजाक

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड के ग्राम गुरौली के निवासी जयपाल, पुत्र गोकरन ने ग्राम प्रधान कुसुमा देवी पर विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत को राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त से प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग किया गया है।

शिकायकर्ताओं की योजनाओं में धांधली की लिस्ट लंबी है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

आरोप है कि पंचायत घर और बारात घर के लिए कंप्यूटर और



शिकायत पत्र दिखाता ग्रामीण।

इनवर्टर की खरीद की गई है, लेकिन यह केवल कागजों पर ही हुई है। वास्तव में कोई खरीद नहीं हुई और धनराशि हड़प ली गई।

इसी तरह प्राइमरी स्कूलों में मरम्मत के नाम पर धन का दुरुपयोग हुआ। ग्राम पंचायत के दो प्राइमरी स्कूलों, गुरौली और पुसेड़ा, में मरम्मत और शौचालय निर्माण के लिए निकाले गए धन का कोई कार्य नहीं हुआ। पंचायत में सफाई कर्मियों को ठेलिया उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि वर्ष 2021-22 से 2024 तक मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में भी बड़े पैमाने पर धन हड़पने का आरोप है। मिट्टी के कार्यों, जैसे नाली निर्माण, ककरा पुलिया, और खुदैला तालाब तक की मिट्टी को बराबर कर फर्जी भुगतान लिया गया। इसके अलावा, नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय आधा-अधूरा पड़ा है, जिसका भुगतान पहले ही प्राप्त कर लिया गया।

### शिकायत करने पर नहीं हुई कार्रवाई : जयपाल

गांव निवासी शिकायतकर्ता जयपाल ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पहले भी संदर्भ संख्या 40015525036747 के माध्यम से शिकायत दर्ज की थी, लेकिन जांचकर्ता ने शिकायतकर्ता से बिना मिले फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया। जयपाल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए सभी विकास कार्यों की भौतिक जांच के लिए एक स्वतंत्र टीम गठित की जाए और सरकारी धन की रिकवरी के कार्रवाई की जाए।यह मामला ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठाता है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।



राजीव।



पूरन।



रोहित।

### बोले ग्रामीण

राजीव ग्राम निवासी ने बताया कि विकास कार्यों में जमकर धन उगाही की गई है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्राम निवासी पूरन ने बताया कि शौचालय बनवाने के नाम पर सरकार धन निकाला गया लेकिन शौचालय अधूरे पड़े हैं। गांव निवासी रोहित ने बताया कि प्राइमरी स्कूल में मरम्मत के नाम पर सरकारी कोष को चूना लगाया है, स्कूल में कोई मरम्मत का काम नहीं हुआ है।

## शौच को गए किसान को सर्प ने काटा, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** शौच के लिए गए किसान को सांप ने काट लिया। वह किसी तरह घर पहुंचा और बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई। माधौगंज थाने के रूदामऊ निवासी 60 वर्षीय राजू खेती-किसानी करता था। शनिवार की सुबह राजू गांव के बाहर तालाब के किनारे शौच के लिए गया हुआ था, उसी बीच उसके सांप ने काट लिया,सांप के काटने से राजू घबराया राजू भाग कर घर पहुंचा और सारी बात बताई, उसके बाद बेहोश हो गया। घर वालों ने बताया कि उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। राजू की शादी नहीं हुई थी।

# भूमि विवादों का मौके पर जाकर कराएं निस्तारण

## थाना समाधान दिवस- रात्रि गश्त बढ़ाये पुलिस, चिन्हित अपराधियों पर रखें नजर : एसपी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शनिवार को थाना सुरसा में लोगों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने पहुंचते ही सभी लेखपालों की उपस्थिति ली। जिन लेखपालों के पास एक से अधिक थाने हैं उनकी अन्य लेखपाल से फोन मिलवाकर स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि सम्बंधित विवादों के मामले में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करे।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा व एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अविवादित वरासत व अंश निर्धारण के किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाये। भूमि पर अवैध कब्जों के मामले में तत्काल कार्रवाई की जाये। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड भी बनवाये गए। एक महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हुए काफ़ी समय बीत चुका है और उनको पेंशन नहीं मिलती है। जिलाधिकारी ने महिला के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के साथ ही विधवा पेंशन बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला के 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने थानाध्यक्ष सुरसा को निर्देश दिये कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था ठीक रखे और बीट सिपाहियों के माध्यम से रात्रि गस्त बढ़ाये तथा चिन्हित अपराधियों पर नजर रखें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार कोतवाली मुख्यालय पर शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक संपूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार अजय कुमार ने की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय भी मौजूद रहे। संपूर्ण थाना दिवस में पुलिस और राजस्व से संबंधित 10 शिकायतें आई । जिनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा छह शिकायतों का निस्तारण करते हुए एक दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## पैतृक श्मशान भूमि पर कब्जा कर नीम के हरे पेड़ कटाने का आरोप

**संवाददाता, कछौना/बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्ष संरक्षण का राग अलापने वाले आलाधिकारियों की कार्यशैली विश्व पर्यावरण दिवस के एक हफ्ते में ही उभरकर सामने आ गई, जिसके चलते पर्यावरण के दुश्मनों ने एक दर्जन से अधिक हरे भरे नीम के पेड़ो पर आरा चलाते हुए पर्यावरण को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया है। बताते चलें कि सरवन सक्सेना पुत्र सीताराम निवासी ग्राम व पोस्ट टिकारी थाना कछौना ने राजस्व विभाग, वन विभाग व पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि गांव में ही उनकी पैतृक श्मशान भूमि स्थित है जिस पर सक्सेना समाज के द्वारा उनके पूर्वजों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है, उसी भूमि पर गांव के ही गिरिजा दयाल पुत्र श्रीपाल, दुर्गेश, दीपू, राजकपूर द्वारा जेसीबी द्वारा मिट्टी पटान कर उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया और पर्यावरण को ठेंगा दिखाते हुए उक्त भूमि पर खड़े हरे भरे नीम के 15 पेड़ो पर आरा चलाकर काट दिया गया। वहीं सूत्रों के अनुसार बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में भी धड़ल्ले से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है बावजूद इसके सम्बन्धित अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं। वनरेंज अधिकारी कछौना विनय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# गर्भवती महिला का निजी अस्पताल में हुआ था बच्चेदानी का ऑपरेशन, मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती महिला को ब्लीडिंग होने पर परिजनों ने शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी बच्चेदानी का आपरेशन कर घर भेज दिया। लेकिन उसके बाद हालत बिगड़ने पर उसे दोबारा उसी हास्पिटल ले जाया गया तो डाक्टर कहीं और ले जाने की बात कही। उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पति ने डाक्टरों पर लापरवाही बरतने से मौत होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।



मृतका सोमवती की फाइल फोटो।

सुरसा थाने के बन्टहाना मजरा बिराहिमपुर निवासी रामबक्श की 32 वर्षीय पत्नी सोमवती दो महीने की गर्भवती थी। 3 जून को ब्लीडिंग होने पर परिजन उसे लेकर शहर के एक निजी हास्पिटल पहुंचे। जहां डाक्टर ने भर्ती करते हुए जान बचाने के लिए बच्चेदानी का आपरेशन की बात कही। रामबक्श राज़ी हो गया और उससे 50 हज़ार रुपये जमा कराते हुए 5 जून को आपरेशन कर दिया गया। उसके बाद 12 जून को छुट्टी कर दी गई। घर पहुंचने के अगले ही दिन सोमवती की हालत बिगड़ गई। पति ने बताया कि वह पत्नी सोमवती को लेकर दोबारा उसी हास्पिटल पहुंचा, लेकिन वहां डाक्टर ने कहीं और ले जाने की बात कहते हुए हाथ खड़े कर लिए। उसी दिन सोमवती को लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी मौत हो गई। पति रामबक्श ने सुरसा पुलिस को दी तहरीर में डाक्टर की लापरवाही से मौत होने की बात कही। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सोमवती के एक बेटा शिवांशु व एक बेटी अनन्या है।

## लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** गंगारामपुर के लेखपाल मोहम्मद जमाल को विरासत प्रक्रिया में लापरवाही बरतने के कारण एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। गंगारामपुर निवासी पूनम देवी ने विरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लेखपाल ने अविवादित विरासत को निपटाने में देरी की। तहसील स्तर पर 10 जून को ऑनलाइन विरासत का अवलोकन किया गया। जिसमें विरासत प्रक्रिया लंबित पाई गई। तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक ने लेखपाल को विरासत प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन लेखपाल मोहम्मद जमाल ने नहीं की। लापरवाही के कारण एसडीएम पूनम भास्कर ने ने लेखपाल को निलंबित कर दिया।

## बारिश से पहले एसडीएम ने किया कहारकोला का दौरा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बरसात में बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले ग्राम कहार कोला का एसडीएम तान्या सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया।

पचदेवरा थाना में संपूर्ण थाना दिवस में शामिल होकर एसडीएम तान्या सिंह कहारकोला गांव पहुंची। बरसात में बाढ़ से प्रभावित कहरकोला को ही सबसे प्रभावित गांव माना जाता है इस गांव में पहुंचकर एसडीएम में नदी के किनारे घूमकर जायजा लिया ग्रामीणों से बातचीत करके बाढ़ के वक्त होने वाली दिक्कतों के बारे में पूछा। मौके पर मौजूद राजस्व निरीक्षक प्रमोद मिश्रा और लेखपाल रत्नेश राठौर को बाढ़ की समस्त तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों के लिए पहले से ही राहत कैंप की तैयारी कर लीजिए क्योंकि बाढ़ के वक्त प्रभावित ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। एसडीएम तान्या ने बताया शासन के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों का चिन्हीकरण करके उनका निरीक्षा किया जा रहा है और राजस्व कर्मियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देश दे दिए गए। बाढ़ प्रभावित इलाके के किसी भी ग्रामीण को परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा।

## सार-संक्षेप



रवि प्रकाश को मिठाई खिलाते परिजन। अमृत विचार

### किसान के बेटे ने नीट में मारी बाजी, परिजनों में हर्ष

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। किसान के बेटे ने नीट की परीक्षा पास की है इससे गांव में खुशी का माहौल है। ग्राम चकनंदपुर निवासी किसान विजय प्रकाश पांडे के बेटे रवि प्रकाश पांडे ने नीट की परीक्षा परिणाम में 5828 वीं रैंक प्राप्त की है। रवि प्रकाश ने गांव में रहकर ही पढ़ाई की। हाईस्कूल, इंटर श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साई मल्लावां से पास किया। दोनों में टॉपटेन की सूची में रहा। नीट की परीक्षा पास की, घर में खुशी का माहौल है। रवि प्रकाश ने बताया कि उन्होंने घर पर रहकर ही ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से पढ़ाई करके नीट की परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया इसमें सबसे ज्यादा माता-पिता, बाबा, चाचा, ताऊ का आशीर्वाद रहा है।

### बिना मान्यता कक्षाएं संचालित करने पर केस दर्ज

**संवाददाता, सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक स्कूल में बिना मान्यता प्राप्त किए कक्षा एक से आठ तक कक्षाएं संचालित करने पर संचालक पर केस दर्ज किया गया है। सांडी तिराहा स्थित आरपीके पब्लिक स्कूल में एक से पांच तक की कक्षाएं संचालित करने की मान्यता है, लेकिन यहां कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। जिसकी शिकायत सान्डी के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम जी शर्मा व ढाबा निवासी गौरव कुशवाहा ने की थी। जिस पर 4 जून को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण किया, निरीक्षण में शिकायत की सही होने पर केस दर्ज कराया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी बिलग्राम ने सांडी थाने पर सुसंगत धाराओं मुकदमा दर्ज कराया है।

### अमरनाथ के लिए जत्थे को किया गया रवाना

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** भरावन प्रधान कार्यालय पर अमरनाथ में होने वाले 10वां विशाल भंडारे के जत्थे क़ो झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सांसद अशोक रावत और प्रधान राजेश अवस्थी, अर्पितानंद बर्फ़ानी बाबा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने बताया ईश्वर का कार्य करना सबसे पुण्य का कार्य है। अर्पितानंद बर्फ़ानी बाबा ने बताया समिति के द्वारा लगातार 10 वर्षो से अमरनाथ में हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है।



जत्थे को रवाना करते सांसद अशोक रावत।

### योग सप्ताह का शुभारंभ आज

**हरदोई, अमृत विचार।** योग सप्ताह का शुभारंभ रविवार प्रातः छह बजे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती शहीद उद्यान में करेंगी। जिले के सभी विकास खंडों, सभी तहसीलों, नगर पंचायत, नगर पालिका कार्यालयों, थानों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, मेडिकल कालेज, जनपद स्तरीय कार्यालयों में प्रातः साढ़े दस से साढ़े 11 बजे नियमित योग कराने के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो योग सप्ताह के तहत प्रतिदिन योग कराएंगे।

### दिनभर आते-जाते रहे बादल, गर्मी से राहत नहीं

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार की सुबह दिनभर आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा था, उधर सूर्यदेव भी बादलों की लुकाछिपी करते रहे। अधिकतम तापमान में कोई अंतर नहीं देखने को मिला। गर्म हवाएं कुछ हद तक चलती रही, इससे तपन तो कुछ कम रही, लेकिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। बताते चले कि गर्मी व धूप का कहर दिनोंदिन बढ़ता चला जा रहा है। गर्मी का आलम यह है कि दोपहर में मुख्य बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। गर्मी और गर्म हवाओं का क्रम शनिवार को भी जारी रहा। मौसम की स्थानीय वेधशाला प्रभारी के अनुसार शनिवार को न्यूनतम 29 .0 व अधिकतम 38 .5 डिग्री सेल्शियस तापमान रहा। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने से लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। धूप में लोग सिर ढक कर ही घरों के बाहर निकले। देर शाम होते ही चौराहों पर ठंडी तासीर की खाद्य पदार्थों की दुकानों पर शाम होते ही लोगों का जमावड़ा लग गया।



धूप से बचाव कर जाता राहगीर।



कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

### विकसित संकल्प सभा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मोदी सरकार के सफल 11 वर्ष पूरे होने पर शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे ब्लॉक स्थित स्वर्गीय उपेंद्र तिवारी स्मृति सभागार में विकसित संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाएं। जिला अध्यक्ष ने बताया केंद्र की केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। जिला अध्यक्ष ने बताया अहमदाबाद की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। भारतीय जनता पार्टी सहित पूरा देश सदमे में है। घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।

## रिश्ते के मामा के साथ गए तीन बच्चे लापता


**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** रिश्ते में मामा बच्चों को काम करने के लिए ले गए। लेकिन तीनों बच्चों का पता नहीं चल रहा है और न ही मामा संतोषजनक जवाब दे पा रहे हैं। पिता ने पुलिस से शिकायत कर बच्चों को वापस दिलाने की गुहार लगाई। कोथावां निवासी राजकुमार गौतम ने बेनीगंज कोतवाली में समाधान दिवस में पहुंचकर तहरीर दी है। बताया कि बीते मार्च माह में उनकी साली फूलमती पत्नी मंजेश के कहने पर उनके साले अशोक, रामखेलावन व संतोष पुत्रगण अयोध्या प्रसाद निवासी महगवां थाना अतरौली ने उसके चार बच्चों लक्ष्मी (20), नेहा (18), गुडिया (16) व अमन (12) को अपने साथ मजदूरी कराने ले गए थे, लेकिन अब उनका कुछ पता नहीं चल रहा है।

# झाड़ियों में पड़े मिले युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई, बघौली

**अमृत विचार।** शारदा नहर की झाड़ियों में लहूलुहान युवक सारी रात पड़ा रहा। उसके बाएं पैर में एड़ी की नस कटी हुई थी। अगले दिन सुबह लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद भी युवक घायल हालत में करीब दो घंटे तक मौके पर ही पड़ा रहा। सीएचसी कछौना में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पिता का आरोप है कि पुत्र को पड़ोसी गांव में पकड़ उसकी ऐड़ी की नस काट दी गई और ब्लीडिंग होने से मौत हुई, इसके पीछे प्रेम-प्रसंग की चर्चा है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

शनिवार की सुबह बघौली थाने के चांदखेड़ा गांव के पास शारदा नहर के किनारे झाड़ियों में एक लहूलुहान युवक पड़ा था, जिसकी शिनाख्त राजीव पाल उर्फ राजू (18) पुत्र रामाधार निवासी अरमी थाना बघौली के रूप में हुई। पिता रामाधार ने बताया कि वह सारी रात अपने पुत्र को ढूंढता घूम रहा था, पता चला कि शुक्रवार की रात उसे चांदखेड़ा में रमेश के घर के पास देखा गया था। उसी बीच शनिवार की सुबह उसे नहर के किनारे झाड़ियों में पड़ा होने का पता चला। रामाधार ने बताया कि जब वह पहुंचा तो वहां पहले से ही पुलिस मौजूद थी। बेटे के बाएं पैर की एड़ी की नस कटी हुई थी, उसमें ब्लीडिंग हो रही थी। पुलिस के पहुंचने के काफी देर बाद उसे सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



मृतक राजीव की फाइल फोटो।

पिता ने पड़ोसी गांव के पिता-पुत्र पर एड़ी की नस काटकर हत्या का लगाया आरोप

आरोप है कि उसके पुत्र को रमेश के घर में पकड़ कर पैर की नस काटी, उसके बाद उसे झाड़ियों में फेंका गया। पूरे मामले में प्रेम-प्रसंग की सुगबुगाहट हो रही है। रामाधार ने आरोप लगाते हुए बताया कि रमेश के घर के बाहर से झाड़ियों तक खून पड़ा था। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज के पास से हटेगा अतिक्रमण

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर हाईवे पर मेडिकल कॉलेज गौरा डांडा स्थित मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर अतिक्रमण पर प्राचार्य ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने डीएम व एसपी को प्रेषित पत्र में अनुरोध किया है कि अवैध रूप से आड़े तिरछे रखी फुटपाथ पर दुकानों से यातायात बाधित हो रहा है। प्राचार्य के पत्र डीएम और एसपी ने आदेश जारी करते हुए तत्काल हटवाए जाने की बात कही है। भड़ायल चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को कुछ दिन की मोहलत दी गई है। दुकानें न हटाए जाने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

रूबरू — चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी के प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने दी जानकारी

# यूपी के छात्र-छात्राओं को मिलेगी एआई आधारित शिक्षा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अब यूपी के छात्र-छात्राओं को सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि एआई आधारित शिक्षा, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की गाइडेंस और ग्लोबल लेवल इंडस्ट्री ओरिएंटेड स्किल्स भी मिलेंगी। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही।

वाइस चांसलर श्री सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी ने 50 इंडस्ट्री-कोलैबोरेटेड ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स लॉन्च किए हैं। ये कोर्स इंजीनियरिंग, बिजनेस, हेल्थ, ह्यूमैनिटीज, लीगल स्टडीज़ जैसे विषयों में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारा मकसद केवल डिग्री देना नहीं है, बल्कि छात्रों को शुरू से ही ऐसी शिक्षा देना है, जिससे वे नौकरी के लिए तैयार हो सकें। यूनिवर्सिटी ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, क्विक हील, एनएसई, पीडब्ल्यूसी, केपीएमजी जैसी 23 ग्लोबल कंपनियों के साथ एमओयू किए हैं। इन कंपनियों के सहयोग से छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट, रिसर्च लैब्स और गारंटीड प्लेसमेंट का मौका मिलेगा। यूनिवर्सिटी का कैंपस उन्नाव के एससीआर क्षेत्र में स्थित है, जो 2500 करोड़ की लागत से तैयार किया गया। भारत का पहला एआई-सपोर्टेड कैंपस है। यहां हर कोर्स में एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे छात्र शुरुआत से ही इंडस्ट्री रेडी बन सकें। इस मौके पर प्रो. डॉ थिपेंद्र पी सिंह ने सीयूसीईटी 2025 पोर्टल पर लॉन्च करते हुए कहा कि इस पोर्टल के ज़रिए छात्र सीयू यूपी में एडमिशन व 40 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए सी.वी. रमन स्कॉलरशिप के तहत 3 करोड़ रुपये की राशि भी दी जाएगी। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. अजय यादव ने बताया कि यूनिवर्सिटी ने रैबिट एआई के साथ मिलकर 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू करने की योजना बनाई है।




प्रेसवार्ता में जानकारी देते वाइस चांसलर प्रो. डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह।

# डंपर की टक्कर से युवक व ममेरे भाई की गई जान

## बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर हुआ हादसा, घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर की टक्कर से बाइक चला रहे युवक व उसके 10 वर्षीय ममेरे भाई की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर की तलाश में काफी दूर तक सीसीटीवी खंगाले हैं। लेकिन, अभी टक्कर मारने वाले डंपर का पता नहीं लग सका है।

लखनऊ जिला के काकोरी थानाक्षेत्र के घुरघुरी तालाब निवासी विशाल गौतम (19) पुत्र त्रिलोकी मीरखेड़ा में चाय समोसा की दुकान खोले है। करीब 10 से वह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज गांव निवासी अपने मामा राजेंद्र के घर आया था। जहां से शनिवार को दुकान के लिए दूध खरीदने अपने मामा के 10 वर्षीय बेटे विमल को बाइक में बैठाकर लखनऊ के घुरघुरी तालाब स्थित नागेश्वर दूध मंडी जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के खपुरा मुस्लिम गांव के पास मौरंग लादकर आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें विमल बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गया। तभी डंपर उसे रौंदता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं विशाल गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे सीएचसी लाई। जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। लेकिन वहां इलाज शुरू होने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है। विशाल तीन भाइयों में शुभम व मोहित से छोटा था। उसकी मौत से मां अनीता व बहन वंदना रो-रोकर बेहाल हैं। वहीं विमल की मौत से भी परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर की तलाश में काफी दूर तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। लेकिन अभी डंपर का पता नहीं लगा है। चौकी इंचार्ज अनिल साहू ने बताया कि डंपर की टक्कर से मौतें हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


विमल व विशाल की फाइल फोटो।


हादसे के बाद सीसीटीवी फुटेज देखते चौकी इंचार्ज अनिल साहू। अमृत विचार

### बस से उतरे युवक को कार ने मारी टक्कर, घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ–कानपुर हाईवे स्थित बस स्टॉप के पास शनिवार को रोडवेज बस से उतर रहे नवाबगंज कस्बा के सेरसा रोड निवासी पंकज (22) पुत्र कमलेश को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे पास के एक नर्सिंग होम पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि पंकज सेरसा रोड पर किराना की दुकान किए है। रविवार को किसी काम से कानपुर गया था। लौटते समय वह हादसे का शिकार हो गया।

## सार-संक्षेप

### पूर्व पार्षद से मारपीट कर नकदी व घड़ी छीनने का आरोप

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कानपुर बाबूपुरवा निवासी एक पूर्व पार्षद तीन दिन पहले गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बू पुरवा में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनसे मारपीट की और रुपये छीन लिये। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कानपुर नगर के थाना बाबूपुरवा बेगमपुरवा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी बेगमपुरवा वार्ड 102 के पूर्व पार्षद व अल्पसंख्यक विभाग कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इरफान ने झब्बूपुरवा में एक कार्यक्रम के दौरान मारपीट और रुपये छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 12 जून की रात लगभग 10 बजे वह गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित झब्बूपुरवा में अपने दोस्त की बेटी की रिंग सेरेमनी में शामिल होने आए थे। तभी एक युवक अपने साथियों के साथ आया और गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की और उनकी जेब से 3600 रुपये व हाथ से घड़ी छीन ली। पीड़ित ने इस संबंध में गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### किशोर के लापता होने पर मामला दर्ज, जांच शुरू की

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट थाना क्षेत्र के श्रीनगर पोनी रोड निवासी जीतेन्द्र शुक्ला ने अपने 17 वर्षीय पुत्र ओम जी शुक्ला के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 7 जून 2025 को रात करीब 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कोई अता–पता नहीं है। जीतेन्द्र ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में श्रीनगर निवासी मोना उर्फ रामकिशन पर अपने बेटे को अगवा करने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है तथा लापता किशोर को ढूंढने के लिए संबंधित स्थानों पर छापेमारी और सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम की उम्मीद जताई है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी, चार पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नाथूखेड़ा निवासी शंशाक पाल ने चार युवकों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि 13 जून की रात वह किसी कार्य से जा रहा था, तभी विकास, अंशु निषाद, अमित उर्फ लापड़ और एक अज्ञात युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी। पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। तहरीर के आधार पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### कीटनाशक निगलकर महिला ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** पति से हुई कहासुनी से आहत पत्नी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आसीवन थानाक्षेत्र के मल्हौली सरदार नगर गांव निवासी सुनीता (45) की शुक्रवार को पति मुकेश कनौजिया से कहासुनी हुई थी। इससे क्षुब्ध सुनीता ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर वह उसे मियाँगंज सीएचसी लाए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीर बता लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार को सुनीता की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मां की मौत से बेटे सचिन, सनी व अभिषेक सहित अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय, संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** बिहार थानाक्षेत्र के दूबेपुर गांव के बाहर एक युवक का शव पेड़ पर लटका देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिहार थानाक्षेत्र के दूबेपुर गांव निवासी राजेश रावत (35) पुत्र स्व. श्रीपाल मजदूरी करता था और वह शराब का लती था। इससे उसका घर आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं था। शुक्रवार देररात भी वह नशे में घर से बिना बताए निकल गया और वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर उसका शव नीम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका देखा तो सनसनी फैल गई। कुछ देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। ग्राम प्रधान से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से मां सतना, भाई कल्लू व राजू रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# झाड़ियों में बच्चे को छोड़ गई मां, ट्रक चालक ने बचाया

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

- **एक्सप्रेस-वे पर ट्रक चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया**
- **बच्चे के स्वस्थ होने की पुष्टि होने पर बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया**

**अमृत विचार:** मानवता को शर्मशार करते हुए एक मां अपने दो माह के मासूम बेटे को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे झाड़ियों में बिलखता छोड़ गई। वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने मासूम की चीख सुनी और उसे तुरंत गोद में उठाया और अबोध बच्चा मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मासूम को सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज के बाद मासूम को बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया।

शनिवार तड़के बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित हवाई पट्टी की प्रथम पार्किंग किनारे झाड़ियों में एक दो माह का बच्चा बिलख रहा था। वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने झाड़ियों में बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो वह ट्रक से उतरकर वहां पहुंचा। जहां उसे कपड़े में लिपटा एक दो माह का मासूम मिला। उसने आनन-फानन उसे अपनी गोदी में उठाया और इसकी सूचना पीआरवी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाहियों ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चिकित्सीय परीक्षण कर बच्चे को पूर्ण स्वस्थ बताया। बाद में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बेहटा थाने के मुख्य आरक्षी जितेंद्र और महिला आरक्षी अर्चना ने शिशु को सीएचसी से चाइल्ड केयर सेंटर उन्नाव को सौंप दिया। एसपी दीपक भूकर ने इस सराहनीय कार्य के लिए पीआरवी पुलिस को पुरस्कृत भी किया है।


बच्चे को गोद में लिये पीआरवी टीम के सदस्य। अमृत विचार

# टिकट के लिए यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के सारे दावे हवा हवाई है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों द्वारा की जाने वाली सारी यात्री सुविधाओं के दावे धरातल पर नजर नहीं आते हैं।

अभी चार दिन पूर्व हरदोई रेलवे स्टेशन पर सिंगल काउंटर रात में अनारक्षित टिकट का काउंटर संचालित होने से लंबी लाइन लग गई थी, लेकिन इसके बाद भी अब तक हालात सुधरे नहीं है। शुक्रवार की रात को एक बार फिर अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर रेल यात्रियों की लंबी कतार देखने को मिली। एक बार फिर हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर एक ही संचालित होता पाया गया। एक अनारक्षित टिकट काउंटर के संचालित होने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी जबकि कुछ रेल यात्री बिना टिकट के ही यात्रा करने को मजबूर हो गए। जिससे रेलवे को भी नुकसान हो रहा है।


अनारक्षित टिकट काउंटर पर लगी यात्रियों की लाइनें। अमृत विचार

### स्टेशन पर रात में एक रही अनारक्षित टिकट काउंटर संचालित

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट के लिए तीन काउंटर हैं लेकिन दोपहर में दो या एक काउंटर ही संचालित होता है। जबकि रात में अधिकांश दिनों में एक ही काउंटर संचालित होता है। स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन भी बंद थी। ऐसे में यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी। रेलवे स्टेशन पर रात में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन बंद कर दी जाती है, ऐसे में अनारक्षित टिकट पर लंबी लाइन लग जाती है। अनारक्षित टिकट का एक ही काउंटर संचालित होने से तमाम यात्री टिकट लेने से बचते हैं और रेलवे को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हरदोई रेल अधिकारियों ने बताया कि इस संदर्भ में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## पति के खिलाफ मारपीट करने का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शिवगुलाम निवासी विवाहिता ने पति के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता नीतू पत्नी स्वरूप के अनुसार उसका पति नशे का आदी है। नशा करके वह आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। 12 जून की रात 8 बजे विपक्षी पति ने नशे में उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने फोन पर घटना के बाबत अपने भाइयों को बताया। वह लोग बाइक से उसके घर आए तो विपक्षी ने उन्हें भी जान से मार डालने की धमकी दी। आरोप है कि सास और जेठ रमेश चंद्र उसके पति का साथ देते हैं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समर स्पेशल ट्रेनें चल रहीं देरी से

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुविधा देने के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।गर्मी की छुट्टियों में सामान्य ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेन संचालित कर रहा है। इन ट्रेनों में रेल यात्री अधिक किराया देकर अपनी सीट आरक्षित कराते हैं, लेकिन समर स्पेशल ट्रेन यात्रियों को सुविधा देने के स्थान पर उनके लिए मुसीबत बनती जा रही है। हरदोई से होकर भी कई समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन होता है, लेकिन समर स्पेशल ट्रेन किसी भी दिन अपने निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली सभी समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 3 घंटे से 18 घंटे तक देरी से संचालित हो रही हैं।रेल यात्री सोशल मीडिया पर समर स्पेशल ट्रेनों के संचालक को लेकर लगातार शिकायत भी कर रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी समर स्पेशल ट्रेन के संचालन को रेल प्रशासन दुरुस्त नहीं कर पा रहा है।

**18 घंटे लेट पहुंची मुजफ्फरनगर आनंद विहार स्पेशल**

### यह स्पेशल ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची

**हरदोई।** जिले से होकर जाने वाली 04503 पटना चंडीगढ़ समर स्पेशल अपने निर्धारित समय से दोपहर 12 :48 मिनट से 4 घंटे की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, गोरखपुर से चलकर नई दिल्ली जाने वाली 04021 समर स्पेशल हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय दोपहर 2 :55 मिनट से 3 घंटे 30 मिनट की देरी से खबर लेकर जाने तक संचालित हो रही थी। आनंद विहार से चलकर मुजफ्फरपुर जंक्शन जाने वाली 05284 समर स्पेशल अपने निर्धारित समय दोपहर के 1 :09 मिनट से 13 घंटे 23 मिनट की देरी से खबर लिखे जाने तक संचालित हो रही थी। मुजफ्फरपुर जंक्शन से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली 05283 समर स्पेशल हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय शुक्रवार रात 9 :38 मिनट से 18 घंटे की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची ।समर स्पेशल के घंटों विलंब से पहुंचने से रेल यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। समर स्पेशल के घंटो की देरी से संचालित होने पर भीषण गर्मी में रेल यात्रियों के सामने पीने के पानी को लेकर भी संकट खड़ा हो जाता है।

# छत से गिरकर युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दोपहर में कपड़े फैलाने मकान की छत पर गए युवक का पैर फिसला और नीचे गिर पड़ा। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के कुल्लही निवासी 40 वर्षीय विनोद कुमार पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार की दोपहर विनोद कुमार घर में था,उसी बीच वह कपड़े फैलाने मकान की छत पर पहुंचा था,उसी बीच उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची, विनोद को बेहोशी की हालत में सीएचसी पिहानी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। विनोद इकलौता बेटा था, उसकी एक बड़ी बहन है। पिता मदनपाल ने बताया कि विनोद के परिवार में उसकी पत्नी गीता और तीन बेटे व दो बेटियां है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर निवासी युवती द्वारा बीते माह कोतवाली में दी गई। तहरीर में बताया गया था कि सलेमपुर निवासी अमरीश युवती को शादी का झांसा देकर काफी दिनों तक अवैध सम्बन्ध बनाता रहा, और बाद में शादी करने से मना कर दिया। तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामले से सम्बन्धित अभियुक्त अमरीश को गिरफ्तार किया है।

# अधिवक्ता को पिकअप ने रौंदा, मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार अधिवक्ता को टक्कर मार दी, इसके बाद सड़क गिरे अधिवक्ता को पिकअप वाहन रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

कोतवाली शहर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी 43 वर्षीय अधिवक्ता विनीश शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला शुक्रवार देर रात को बाइक से वापस लौट रहे थे। जेल रोड पर शहीद उद्यान के गेट के सामने पहुंचते ही तेज़ रफ्तार पिकअप टक्कर मार कर उन्हे रौंदते हुए निकल गई,जिससे अधिवक्ता विनीश शुक्ला की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है। बताते हैं कि अधिवक्ता के पिता रमेश शुक्ला, मां और बड़े भाई मनीष शुक्ला की पहले ही मौत हो चुकी थी, विनीश से छोटे दो भाई आशीष शुक्ला और नितीश शुक्ला के अलावा एक बहन है, जोकि लखनऊ में ब्याही है। विनीत के परिवार में पत्नी और 10 साल की बेटी है। हादसे की खबर सुनते ही पूरे घर में कोहराम बरपा हो गया।

अधिवक्ता विनीश शुक्ला की मौत की खबर सुन कर उनके घर पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई,अंदर सुहाग उजड़ने पर पत्नी,पिता का साया छिन जाने से बेटी,हाथ पर रक्षा की डोर बांधने वाली बहन और भाई नहीं बल्कि अच्छा दोस्त खोने वाले भाइयों के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ काफी दूर तक सुनाई पड़ रहीं थीं,उनकी आवाज़े सुन रहे लोगों को देख कर महसूस किया जा सकता था कि हादसे ने उन्हे अंदर तक तोड़ दिया,उनकी डबडबाई आंखे सारी दास्तां बयां कर रहीं थी।


विनीश शुक्ला की फाइल फोटो।

## महिला कौशल विकास पर किया गया संवाद

**हरदोई, अमृत विचार।** नारी सशक्तिकरण के साथ ही राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना जगाने के लिए बहादुर बेटियां फाउण्डेशन की ओर से महिला कौशल विकास और वैचारिक संवाद कार्यक्रम आर आर कालेज में आयोजित शिविर में चलाये जा रहे हैं। फाउण्डेशन की जिलाध्यक्ष कुसुमलता गुप्ता रेशमा ने समर कैम्प में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आत्मरक्षा से जुड़े सिलाई कढ़ाई, ड्राइविंग, नृत्य-संगीत, जूडो-कराटे मार्शल आर्ट आदि कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागी बालिकाओं ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच शनिवार को राष्ट्र सेविका समिति का संवाद कार्यक्रम हुआ।

# फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पंक्चर की दुकान चलाने वाले अधेड़ का शव फंदे से लटका मिला। मृतक के रिश्तेदार ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कोतवाली शहर के राधा नगर बिलग्राम चुंगी निवासी 50 वर्षीय इरशाद करीब 10 सालों से बिलग्राम रोड पर कसरावां पेट्रोल पंप के सामने पंक्चर बनाने की दुकान करता था। शनिवार की सुबह कुछ राहगीरों ने उसका शव वहीं पर एक पेड़ पर फंदे से लटका देखा। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में पूछताछ शुरु कर दी है। बताया गया है कि जिस पेड़ में फांसी लगाने की बात कही जा रही है, वह काफी छोटा है,दूसरे यह कि अधेड़ के पैर पूरी तरह से ज़मीन पर टिके हुए थे। अधेड़ इरशाद के भांजे रेहान का कहना है कि कोई ऐसी बात नहीं थी जो आत्महत्या करने की बात कही जा सके, उसका आरोप है कि हत्या करने के बाद शव लटकाया गया। इरशाद के परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निकास न होने से सड़क पर बह रहा घरों का पानी

संवाददाता, सुरसा, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुशियापुर के मजरा मझिला गांव की गंदगी व नालियों का पानी सड़क तक बह रहा है। सुबह से शाम तक इसी हाईवे से रोजाना हजारों वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। पानी का निकास न होने से पीडब्ल्यूडी की रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं।

शासन की तरफ से नाली निर्माण के नाम पर कई लाखों का बजट भेजा जा चुका है, लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ने नाली का निर्माण कागजों पर ही दिखा दिया, लेकिन धरातल पर यह योजना नहीं उतर पा रही है। गांव में नाली निर्माण न कराये जाने से घरों का पानी सड़क तक भरा रहता है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों का अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब यह गंदगी सड़क तक पहुंच गई है, जिससे हाईवे का डामर रोड क्षतिग्रस्त हो रहा है और हादसे की संभावना बढ़ गई है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा लंबे समय से कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया, जिससे गांव की हालात बदहाल हो गई है। मार्ग का नाम बिलग्राम रोड निकट मझिला गांव की हालत मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है, जिससे जल भराव बना हुआ है। लोगों को आए दिन हादसे का सामना करना पड़ रहा है।


सड़क पर बहता गांव के घरों से निकला पानी। अमृत विचार

## संकल्प सभा में बताईं सरकार की उपलब्धियां

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** भरावन में प्रधान कार्यालय पर भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण की संकल्प सभा का आयोजन किया गया। भरावन में प्रधान कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प सभा में मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने सम्बोधित किया। सांसद ने बताया भाजपा सरकार सुरक्षा, सुशासन, शिक्षा, गरीब कल्याण योजना, स्वास्थ्य योजना सभी नीतियों पर कार्य कर रही है। भरावन ग्राम प्रधान राजेश अवस्थी ने बताया आम जन की समस्याओ का निवारण हमारी प्रथम जिम्मेदारी है।

# ट्रक चालक ने पत्नी पर किया फॉयर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गाजियाबाद से घर पहुंचे ट्रक ड्राइवर का पत्नी से विवाद हो गया। उसी बीच पति ने तमंचे से पत्नी पर फॉयर कर दिया। गनीमत रही कि गोली पत्नी के हाथ में लगी जिससे उसकी जान बच गई। घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया गया है, उधर हमलावर पति को तमंचे और कारतूस के साथ दबोच लिया।

लोनार थाने के कस्बा बावन के मोहल्ला खेड़ा निवासी अफसार पेशे से ट्रक ड्राइवर है। अफसार ट्रक लेकर गाज़ियाबाद गया था। शनिवार की सुबह वहां से वापस लौटा। बताते है कि घर पहुंचते ही अफसार पत्नी शबाना (28) से नोंकझोंक करने लगा। शबाना कुछ समझ पाती, उससे पहले ही उसने तमंचे से गोली चला दी। गोली उसकी पत्नी के हाथ में लगी और वह वहीं पर गिर पड़ी। उसके बाद आरोपी पति मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शबाना को सीएचसी बावन पहुंचाया। जहां से उसे एक्स-रे के लिए सीतापुर रेफर किया गया है। कुछ देबर पुलिस ने आरोपी पति को तमंचे के साथ दबोच लिया। सीओ हरपालपुर शिल्पा कुमारी भी गांव पहुंची और पूरे मामले की पड़ताल की। एसएचओ लोनार उमेश त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है, उसके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घायल महिला से जानकारी लेती पुलिस।

# 'स्वर्ग' पहुंच जाएं अपने इसलिये खुद झेलते 'नर्क'

## पवित्र तीर्थ परियर में अंतिम संस्कार करने कई जगहों से आते हैं लोग

## सांसद विधायक व अधिकारियों ने नहीं ली है सुध

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले के प्रमुख पवित्र स्थल परियर से प्रभु श्री राम, माता सीता, उनके बेटों लव और कुश के अलावा अन्य स्तुतियां जुड़ी हैं। इसके चलते क्षेत्र ही नहीं जिले भर से लोग अपने परिजनों का निधन होने पर उनका अंतिम संस्कार करने यहां स्थित श्मशान घाट पहुंचते हैं। उनका मानना रहता है कि यहां अपनों का अंतिम संस्कार करने से उन्हें सीधे स्वर्ग में स्थान मिलेगा। लेकिन, जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अफसरों की उदासीनता के चलते अपनों को स्वर्ग भेजने में लोग खुद ही नर्क झेलने को मजबूर होते हैं।

परियर श्मशान घाट पर जानलेवा धूप में पैरों तले गंगा की तपती रेत व आसमान से आग उगलती गर्मी में लोग अपने परिजनों के शवों का अंतिम संस्कार करने में झुलस रहे हैं। शव के साथ पहुंचने वाले रिश्तेदार, पड़ोसी व अन्य मिलने वालों को बैठने तक के लिए घाट पर कोई इंतजाम नहीं है। यहां

अमृत विचार मुद्दा


'अपनों' को अंतिम विदाई देने में झुलस रहा 'अपनों' का शरीर

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

तक कोई छायादार वृक्ष तक नहीं हैं। ऐसे में सनातन धर्म निभाते हुए अपने पूर्वजों का गंगा किनारे अंतिम संस्कार करने की मंशा में इस आग उगलती गर्मी मजबूरन अपना धर्म निभा रहे हैं। शनिवार के अंक में इस ज्वलंत मुद्दे की खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की। इस पर क्षेत्रीय लोगों ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाने पर अमृत विचार की प्रशंसा की और सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों पर जमकर कमेंट करते हुए जल्द ही इस समस्या के हल की मांग की।


परियर घाट पर दाह संस्कार करते लोग। अमृत विचार

### क्या बोले विधायक

समस्या को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता का कहना है कि काफी समय पहले हमने अंतिम संस्कार करने को जाने वाले लोगों के लिये श्मशान घाट में टिनशेड और हैंडपंप की व्यवस्था करवाई थी। अगर अभी भी वहां लोगों को परेशानी हो रही है तो इसे दिखवाकर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।


पंकज गुप्ता।

**रोजाना पहुंचते हैं दो दर्जन से अधिक शव:** परियर श्मशान घाट पर रोज 15 से 30 शव अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। जिसमें हजारों लोग शामिल होते हैं। अधिकांश शव सदर, सफीपुर व मोहन विधानसभा के होते हैं। सलेमपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य व पत्रकार भानू सिंह चंदेल ने शनिवार को अपनी दादी का अंतिम संस्कार इसी घाट पर किया। उनके साथ भी सैकड़ों लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस प्रचंड धूप में कहीं भी कोई छाया व बैठने की व्यवस्था नहीं है। जिससे अधिकांश लोग इस अव्यवस्था के लिए जिला प्रशासन व सरकार को कोसते हुए लौट गए।

### सांसद व विधायक को देना चाहिए ध्यान: अनिरुद्ध चंदेल

घाट के बारे में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी, अनिरुद्ध चंदेल का कहना है कि अमृत विचार ने श्मशान घाट के इस ज्वलंत मुद्दे पर जो खबर प्रकाशित की है उस पर तीन बार से लगातार सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर व मोहान विधायक बृजेश रावत को ध्यान देना चाहिए। इस घाट पर 40 किलोमीटर दूर से लोग अंतिम संस्कार के लिए आते हैं।


अनिरुद्ध चंदेल।


अरुण दीक्षित।

वहीं लेखक व वरिष्ठ पत्रकार अरुण दीक्षित का कहना है कि हर किसी की अंतिम अभिलाषा होती है कि उसका अंतिम संस्कार गंगातट पर हो। लेकिन, परियर गंगातट पर अपनों की इस अभिलाषा को पूरा करने में जो कष्ट उनके परिजनों व मिलने वालों को उठाना पड़ता है यह किसी नर्क से कम नहीं है। लोगों को होने वाली समस्या के बारे में जिला प्रशासन व सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिये।

उधर, विमल द्विवेदी, संस्थापक नर सेवा नारायण सेवा का कहना है कि सनातन धर्म में विधिविधान से अंतिम संस्कार करने में 3 से 4 घंटा लगता है। ऐसे में परियर श्मशान घाट पर ऊपर खुले आसमान व नीचे गर्म बालू में अंतिम संस्कार करने आये परिजनों व अन्य लोगों को इस भीषण गर्मी व धूप में रुकना अत्यंत पीड़ादायक है। यह पीड़ा हम सबकी है। इस पर जिम्मेदार गंभीर हों।


विमल द्विवेदी।

**गर्मी ही नहीं बारिश व सर्दी में भी होती है परेशानी:** परियर श्मशान घाट पर सिर्फ भीषण गर्मी में ही अंतिम संस्कार करने आने वालों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती है बल्कि, भीषण सर्दी व बारिश के मौसम में भी आमजन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश में लोग भीगते हुए तो सर्दी में ठिठुरते हुए अपनों का अंतिम संस्कार करने को विवश हैं।

## एक नजर

### समाधान दिवस में आये 20 मामले, नहीं हुआ निस्तारण

**शुक्लागंज (उन्नाव):** जून माह के दूसरे शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान जिले से नायब तहसीलदार पहुंची। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। मौके पर किसी का निस्तारण नहीं हो सका। जिस पर फारियादी मायूस होकर लौट गये। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दिन करीब ग्यारह बजे नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी पहुंची। जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सनी। कुल 20 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 14 मामले राजस्व से संबंधित आये। वहीं 6 मामले पुलिस से संबंधित आये। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, कार्रवाई की मांग

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली के रहमत नगर में एक युवक की बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ित ने इस संबंध में गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ले के रहने वाले अनीस ने बताया कि शुक्रवार रात उनका छोटा बेटा आसिफ बाइक लेकर घर आया और उसे बाहर खड़ी कर दिया। शनिवार सुबह जब अनीस ने बाइक देखी, तो वह वहां से गायब थी। आस-पास की गलियों में बाइक की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की अपील की।

### तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**उन्नाव:** सदर कोतवाली में तैनात एसआई रविशंकर मिश्र ने बताया कि वह फोर्स के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उन्होंने मां दुर्गा धर्मकांटा के पास बाईक सवार आकाश शर्मा निवासी मनसा खेड़ा कोतवाली गंगाघाट, रंजीत शर्मा निवासी ब्रम्हनगर शुक्लागंज व सुरेश शर्मा निवासी चिलौला सदर कोतवाली को रोककर पूछताछ की तो उनके पास मिली बाइक चोरी की निकली। उन्होंने चोरी को अंजाम देने की बात कबूल की है।

# गंगा नहाते समय डूबे तीन युवकों में दो को बचाया, एक लापता

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार:** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी तीन लड़के गंगा में नहाते समय गहरे पानी में जाकर डूब गए। घाट पर मौजूद नाविकों व तैराको ने दो को बचा लिया। जबकि तीसरे की तलाश जारी है।

थानाक्षेत्र के गांव लवानी निवासी संजय तिवारी का 20 वर्षीय पुत्र अमन, राजेश तिवारी का 18 वर्षीय बेटा अभय व दिनेश द्विवेदी का 18 वर्षीय बेटा आलोक शनिवार को तेज गर्मी के चलते सुबह बाइक से कानपुर क्षेत्र के खेरेश्वर स्थित पक्के घाट पर गंगा नहाने गए थे। जहां नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों को डूबता देख घाट पर मौजूद नाविक व तैराकों ने अमन व आलोक को बचा लिया जबकि तैराक अभय को बचाने में असफल रहे। अभय के डूबने की खबर मिलते ही परिजन सहित गांव के सैकड़ों लोग गंगातट पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर कानपुर के शिवराजपुर थाना पुलिस के साथ फतेहपुर चौरासी पुलिस भी गंगातट पर पहुंच गई। गंगा में डूबे तीनों लड़कों के परिजनों ने बताया कि वे गांव में खेत पर लगे पंपिंग सेट पर नहाने की बात कहकर घर से गए थे। किंतु पंपिंग सेट न चलने के कारण वे खेत से ही गंगा नहाने चले गए। प्रशासन ने स्थानीय गोताखोरों से जाल डलवाकर खोजबीन करने के साथ गंगाघाट से भी गोताखोर बुलाए हैं। समाचार लिखे जाने तक डूबे अभय की तलाश नहीं की जा सकी थी। वहीं उसके साथ डूबे आलोक का एक निजी चिकित्सक के क्लीनिक पर उपचार चल रहा है।

# खुले नालों पर रखे जायेंगे नए पत्थर

अमृत विचार प्रभाव

▶▶ जिला प्रशासन ने शुरू किया काम, लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर के फोरलेन के दोनों ओर बने नालों के ऊपर रखे पुराने पत्थर जगह-जगह से टूट चुके थे, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आपके अपने अमृत विचार अखबार ने 10 जून के अंक में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर यह हुआ कि पालिका प्रशासन हरकत में आ गया और कार्रवाई शुरू कर दी।

पालिका द्वारा बरसात से पहले नालों की सफाई के दौरान जेसीबी मशीन से नालों के पत्थर हटवाए गए थे। इस प्रक्रिया में कई पत्थर टूट गए थे, जिससे नालों के खुले हिस्से दुर्घटना का कारण बन रहे थे। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पालिका ने अब नये पत्थरों की ढलाई शुरू करा दी है। वहीं अधिकांश स्थानों पर नाले के पत्थर टूटे पड़े हुये हैं। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया। ईओ ने बताया कि नालों को सुरक्षित ढंकने के लिए मजबूत पत्थरों की ढलाई कराई जा रही है। जैसे ही ये पत्थर सूखेंगे, उन्हें नालों के ऊपर रखा जाएगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटना की आशंका भी खत्म होगी।


नालों को ढकने के लिए बनवाए गए पत्थर। अमृत विचार

# शोपीस बने तालाबों में धूल उड़ने से भीषण गर्मी में पानी को तरस रहे मवेशी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

▶▶ सरकार की योजना पर अधिकारी नहीं कर रहे अमल

**अमृत विचार:** सरकार ने ग्रामीण इलाकों में मवेशियों के पेयजल और जल संचय के लिए अमृत सरोवर और मॉडल तालाबों का निर्माण कराया था, लेकिन इन तालाबों की दुर्दशा यह बताती है कि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। क्षेत्र के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं और उनमें केवल धूल ही उड़ रही है। इस चिलचिलाती गर्मी में मवेशी पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन कोई राहत नहीं मिल रही।

गंगाघाट क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण और सिकंदरपुर सरोसी में अधिकांश तालाबों में पानी नहीं है। इन गांवों में ग्राम सभा सरैयां, पिंडोखा, सन्नी सरांय, बेहटा, शंकरपुर सरांय, देवारा कलां और देवारा खुर्द जैसी जगहों पर अमृत सरोवर और मॉडल तालाब खुदवाए गए थे, लेकिन ये सब अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। अधिकारी योजनाओं का पालन करने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे गांवों में मवेशियों को पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। कर्ण ब्लॉक के कटरी पीपरखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा, एहतमाली और रजवाखेड़ा जैसे गांवों में भी लाखों रुपये खर्च करके तालाब खुदवाए गए थे, लेकिन वहां भी तालाब सूखे पड़े हैं। मवेशी प्यास के कारण परेशान हो रहे हैं और ग्रामीणों के लिए यह एक बड़ा संकट बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाबों के निर्माण के बाद न तो किसी अधिकारी ने उनका निरीक्षण किया और न ही ग्राम प्रधान ने इसकी देखरेख की। तालाबों में जल संचयन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, और सफाई की भी कोई पहल नहीं की गई है। इस स्थिति में न केवल मवेशियों की जीवन-रक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की जल संकट की समस्या भी गहरी हो रही है।


सन्नी गांव में बने तालाब में उड़ती धूल।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने इस मुद्दे पर बताया कि तालाबों में पानी भरवाने की प्रक्रिया अभी चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन गांवों में तालाब सूखे हैं, वहां जल्दी ही पानी भरा जाएगा और इस कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। हालांकि, यह देखना होगा कि सरकार और अधिकारी वादों को निभाते हुए जल्दी इस समस्या का समाधान निकालते हैं या नहीं।

# पिता को लिवर डोनेट कर बेटे ने दी नई जिंदगी, दिया प्रेरणादायी संदेश

अमन सक्सेना, शुक्लागंज उन्नाव

फादर्स डे पर विशेष

**अमृत विचार:** जहां पूरा देश आज फादर्स डे पर अपने पिता को उपहार भेंट कर और सेल्फी लेकर प्यार जताने की तैयारी में है, वहीं गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी गांव के एक बेटे ने अपने पिता को अनमोल उपहार देकर नई जिंदगी दी है। सहजनी निवासी रवि सिंह ने अपने पिता को लिवर डोनेट कर न केवल उनका जीवन बचाया बल्कि समाज को एक प्रेरणादायी संदेश भी दिया।

रवि के पिता, डॉ. अमर सिंह की वर्ष-2018 में तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल जांच कराई गई। जिसमें पता चला कि उनका लिवर 60 प्रतिशत खराब हो चुका है। धीरे-धीरे समस्या गंभीर होती गई और वर्ष-2024 तक पेट में पानी बनने की शिकायत के चलते उनकी स्थिति और बिगड़ गई। दिल्ली के एक अस्पताल में डॉक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी। अगस्त-2024 में उन्हें दिल्ली में भर्ती किया गया। बेटे रवि सिंह ने बिना किसी हिचकिचाहट के लिवर डोनेट करने का निर्णय लिया। 5 नवम्बर-2024 को लिवर प्रत्यारोपण का ऑपरेशन हुआ और 6 दिसम्बर को दोनों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इसके बाद 21 जनवरी 2025 को दोनों सकुशल घर लौटे। इस पूरे घटनाक्रम ने न सिर्फ एक पिता को नया जीवन दिया, बल्कि यह उदाहरण बन गया कि एक बेटा अपने पिता के लिए कितना कुछ कर सकता है। आज फादर्स डे पर रवि सिंह का यह कदम समाज में रिश्तों की गहराई और निस्वार्थ प्रेम की मिसाल बन गया है।


लिवर ट्रांसप्लांट का सफल ऑपरेशन होने पर पिता-पुत्र को प्रमाण पत्र देते डॉक्टर।

सुविधा

33 केवी लाइन चार्ज करने के वाद आपूर्ति हुई शुरू, मिलेगी फाल्टों से निजात

# कुंदन रोड सबस्टेशन से शुक्लागंज को शुरू हुई पॉवर सप्लाई

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** शुक्लागंज क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक राहत की खबर आई है। अब शुक्लागंज विद्युत सबस्टेशन को कुंदन रोड सबस्टेशन से आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे पहले शुक्लागंज को गोकुल बाबा सबस्टेशन से 33 केवी लाइन के माध्यम से विद्युत आपूर्ति मिल रही थी, लेकिन अक्सर लाइन ब्रेक होने और अधिक लोड के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होती थी। इसके कारण वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती थी, जिससे उपभोक्ताओं को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ता था।


एसडीओ की मौजूदगी में सब स्टेशन पर कार्य करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

विद्युत विभाग ने इस समस्या का समाधान करने के लिए बिजनेस प्लान के तहत कुंदन रोड से शुक्लागंज सवस्टेशन तक नई 33 केवी लाइन डाली थी। शनिवार को इस नई लाइन को चार्ज कर दिया गया और कुंदन रोड से शुक्लागंज पॉवर हाउस को बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी गई। हालांकि, इस कार्य के चलते नगर की बिजली आपूर्ति दोपहर डेढ़ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक कुछ समय के लिए बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा हुई। सरैयां स्थित शुक्लागंज पॉवर हाउस से नगर के फीडर दो और तीन की आपूर्ति की जाती है। पहले गोकुल बाबा सबस्टेशन से 33 केवी लाइन के माध्यम से बिजली मिल रही थी, लेकिन बार-बार लाइन ब्रेक होने और अधिक लोड पड़ने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए विभाग ने गोकुल बाबा से आपूर्ति हटाकर कुंदन रोड से सीधे आपूर्ति देने का निर्णय लिया।

### भविष्य में समस्या कम होने की उम्मीद: राजेंद्र

उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अब शुक्लागंज पॉवर हाउस को सीधे कुंदन रोड से बिजली मिल रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति और स्थिर वोल्टेज मिलेगा। हालांकि, आपूर्ति में हुई बाधा के कारण गर्मी के मौसम में हजारों उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन अब भविष्य में यह समस्या कम होने की उम्मीद है। वहीं साढ़े चार बजे आपूर्ति चालू होने के दौरान बाबा खेड़ा गांव के पास जंपर उड़ने फीडर एक की एक घंटे तक बिजली गुल हो गई।

### निशुल्क परामर्श व ओपीडी कैंप आज

**उन्नाव:** शारदा क्लीनिक उन्नाव के वरिष्ठ व स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व ओपीडी कैंप रविवार सुबह 11 से शाम 4 बजे तक न्यू काया जांच केंद्र अजीत सिंह गेट नंबर-2 हिरन नगर में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए डॉ. शमशेर यादव ने बताया कि ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच मुफ्त होगी। अन्य सभी जांचों में 40 फीसद की छूट मिलेगी। इसमें पूर्व सीएमओ व वरिष्ठ कार्डियो लाजिस्ट डॉ. आरपी तिवारी, डॉ. कामना तिवारी पूर्व मुख्य चिकित्साधीक्षिका महिला अस्पताल स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. जीपी सचान (सर्जन), डॉ. विनोद कुमार व शारदा क्लीनिक के डॉक्टरों की टीम जांच करेगी।

## सार-संक्षेप

### पीकेसी क्लब ने आइडियल क्लब पर दर्ज की 12 रनों से जीत


खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग के तहत शनिवार को पीकेसी क्लब व आइडियल क्लब के बीच खेले गए मैच में आइडियल क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीकेसी क्लब ने 35 ओवरों के मैच में 33 ओवरों में सभी विकेट खोकर 153 रन बनाए। जिसमें रिकी पासवान 42, शुभम राजपूत 30 व प्रांजुल ने 22 रनों का योगदान दिया। आइडियल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अविजित यादव ने 3 सौरभ यादव व आनन्द प्रताप ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइडियल क्लब की टीम एक समय बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही थी। लेकिन फिर पीकेसी के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए अगले 58 रनों में पूरी टीम को आलआउट कर दिया और 12 रनों से मैच जीत लिया। आइडियल क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आदित्य गुप्ता ने 44, गाज़ी ने 37 व सरवन यादव ने 21 रनों का योगदान दिया। मैच के पूर्व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मैच के बाद संयुक्त सचिव विकास सिन्हा ने अनिमेष सैनी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, शाकिर हुसैन, अमित चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का अगला मैच 23 जून को खेला जाएगा। इससे पहले 21 जून को योग दिवस की तैयारी हेतु मैदान को सुरक्षित रखा गया है।

### दिवंगत शिक्षक के परिवार को दी जाएगी 50 लाख की सहायता


स्व. संदीप पाल के परिवार से मिलते केयर टीम के सदस्य। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** विकासखंड हिलौली के प्राथमिक विद्यालय पंसरिया में सहायक अध्यापक के पद पर संदीप पाल कार्यरत थे। उनका निधन 30 अक्टूबर-2024 को हृदयगति रुकने से हो गया था। परिवार में वह ही अकेले कमाने वाले थे। छोटा भाई व एक छोटी बहन अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। माता पिता उम्रदराज हैं। परिवार की लाठी टूटने से परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ आ गिरा। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने उनके लखनऊ स्थित आवास पर शनिवार को जाकर उनके खाता संख्या आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आश्वस्त किया कि आगामी 15 से 25 जून तक प्रदेश के शिक्षक सहयोग राशि उनके खाते में डालेंगे। जिसमें पूरे प्रदेश के शिक्षक मिलकर दिवंगत शिक्षक के परिवार को सहयोग करेंगे। सहयोग राशि करीब 50 लाख के आसपास होगी। जिले की टीम ने उनके आवास पर टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक विवेकानंद से जब दिवंगत शिक्षक की माताजी से बात कराकर आश्वासन दिया कि आर्थिक सहायता परिवार को दी जाएगी। इस दौरान जिला संयोजक कमल दीक्षित, जिला प्रवक्ता अनुज वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विश्वनाथ तिवारी, जिला सह संयोजक राम बहादुर, ब्लॉक संयोजक हिलौली श्रीकांत तिवारी आदि मौजूद थे।

### नव नियुक्त 856 आरक्षियों को सीएम आज देंगे नियुक्ति पत्र



पुलिस लाइन में अभ्यर्थियों व पुलिस कर्मियों को किया जाता ब्रीफ। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** आरक्षी भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को भव्य कार्यक्रम में नियुक्तपत्र देंगे। इसमें उन्नाव जिले के 856 अभ्यर्थी भी शामिल होंगे। एसपी दीपक भूकर ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों सहित पूरे कार्यक्रम के दृष्टिगत ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया। बता दें कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती वर्ष-2023 के तहत 60,244 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्तपत्र देंगे। आरक्षी भर्ती में जिले के 610 पुरुष व 246 महिलाएं चयनित हुई हैं। शनिवार को एसपी दीपक भूकर व एएसपी अखिलेश सिंह ने सभी सीओ के साथ बैठक कर लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए हाईवे पर यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक की। साथ ही इसे लेकर लागू डायवर्जन प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। एसपी ने जिले के चयनित अभ्यर्थियों को भी ब्रीफ किया। बता दें कि जिले के अलावा उन्नाव पुलिस लाइन में बुलंदशहर व कासगंज जिले से आए अभ्यर्थियों को रात में रोका जाएगा। सोमवार सुबह वह यहीं से कार्यक्रम स्थल रवाना होंगे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर डीएम समेत 23 ने किया महादान


रक्तदान करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान कैंप सुबह 9 बजे से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद रक्तदानियों से परिचय लिया और खुद रक्तदान कर मिशाल पेश कर सबको इसके लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इसमें अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने भी रक्तदान किया। इस दौरान भगवंतनगर के प्रशांत सोनी ने 49वीं बार रक्तदान किया। संजय सिंह चौहान फौजी, त्रिनेत्र दीक्षित, पीयूष श्रीवास्तव, संजय कुमार, जय सिंह, प्रीति यादव, मोहित तिवारी, चंद्र प्रताप यादव, प्रिंस गुप्ता, सुनील कुमार, दीपचंद्र मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, गोविंद श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव, प्रशांत दीक्षित, अरुण कुमार, विनय कुमार, समीर राजपूत सहित 23 ने महादान किया। सभापति अशादीन तिवारी, उप सभापति मनीष सिंह सेंगर, सचिव संदीप पांडेय, कोषाध्यक्ष हर्ष तिवारी, राज्य प्रतिनिधियों हरिहर दीक्षित, संजय सिंह चौहान फ़ौजी और मो. सलीम, कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश चंद्र श्रीवास्वत, दीपचंद्र मिश्रा ने जिलाधिकारी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, आनंद अवस्थी, केडी त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, सुशील तिवारी आदि मौजूद थे। इसमें रक्तदानियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। शिवाय सेवा संस्थान के राकेश सिंह ने सभापति व सचिव आदि पदाधिकारियों का प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन कर रहे उप सभापति ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना पर प्रकाश डाला। सीएमओ डॉ. हरि नंदन ने सभी के प्रति आभार जताया। कैंप के आयोजन में डॉ. राजेश, निर्मेश पटेल, सोनी, सुरेंद्र पाटेकर, शैलेंद्र पांडेय, दिनेश गुप्ता, भरत चित्रांशी आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

# दक्षिण अफ्रीका के 27 साल का इंतजार खत्म

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

**लंदन, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14.4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0



प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।

### डब्ल्यूटीसी गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

# टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया

**बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी**

● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं फार्म

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है। प्रसिद्ध ने कहा मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है। गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा।



# बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।




## एक नजर



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।



### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

# प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

# महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन, एजेंसी**

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

**जीत का संघर्ष**



एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

# आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

**एफआईएच प्रो लीग**

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।



भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

# जूडो खिलाड़ी ने कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नैनीताल, एजेंसी**

● उत्तराखंड उच्च न्यायालय पहुंचा मामला

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली 19 वर्षीय जूडो खिलाड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की। अब इसे 16 जून के लिए निर्धारित कर दिया गया है।

देहरादून की रहने वाली इस खिलाड़ी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर की जूडो-कराटे खिलाड़ी है। पिछले सात वर्षों से देहरादून में सविता गुरुंग से प्रशिक्षण ले रही है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2024 में भोपाल में आयोजित किए गए राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर के लिए उसका चयन हुआ था, लेकिन गुरुंग ने उसे भोपाल जाने की अनुमति देने के बजाय मुरादाबाद में कोच सतीश शर्मा के पास भेज दिया। वो गुरुंग का कोच भी रह चुका है। आरोप है कि 12 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान शर्मा उसे अपने फार्महाउस पर ले गया। उसने गेट बंद कर दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। इस खिलाड़ी ने याचिका ने कहा है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसका करियर बर्बाद करने और उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग न लेने देने की धमकी दी। बाद में जब वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गई तो मानसिक रूप से तैयार नहीं थी।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल–सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। एजेंसी

# सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।

# नार्को टेस्ट



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध–बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध–चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म–अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

## एक नजर

### मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15–16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

### मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

### परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज–70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति–पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

**भुवनेश्वर/चाईबासा।** ओडिशा–झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

### कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड–अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा



राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60–दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

### इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

**दुबई।** ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।


राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

### हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान

**दुबई।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

यरूशलम, एजेंसी




इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

# नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।

सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

# मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

फिलाडेल्फिया, एजेंसी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।

**पराक्रम की गाथा** डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

हैदराबाद, एजेंसी



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।

### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती–फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।